संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

"जो बीत गया, उस पर ध्यान मत दो; जो आने वाला है, उस पर मेहनत करो।"



22 अक्टूबर 1962 – भारत-चीन युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में कठिन लड़ाई लड़ी।

पूर्णिया बुधवार 22 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 210

# प्रधानमंत्री मोदी ने दीपावली पर अपने संदेश में स्वदेशी, स्वच्छता, स्वास्थ्य, राममंदिर का किया जिक्र

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम समाज और आस-पास सद्भाव, सहयोग और सकारात्मकता का दीप जलाएं। उन्होंने कहा, "दीपावली हमें यह भी सिखाती है कि जब एक दीपक दूसरे दीपक को जलाता है, तो उसका प्रकाश कम नहीं होता, बल्कि और बढ़ता है।"



प्रधानमंत्री ने दीपावली पर देशवासियों के नाम लिखे एक पत्र अयोध्या में राम मंदिर, ऑपरेशन सिंदूर, नक्सलवाद के खात्मे, जीएसटी उत्सव और स्वदेशी अपनाने का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी भाषाओं का सम्मान करें। हम स्वच्छता बनाए रखें। हम अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। हम अपने भोजन में तेल का उपयोग 10 प्रतिशत कम करें और योग को अपनाएं। ये सभी प्रयास हमें तेज़ी से विकसित भारत की ओर ले जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के भव्य निर्माण के बाद यह दूसरी दीपावली है। भगवान श्रीराम हमें धर्म की शिक्षा देते हैं और अन्याय से लड़ने का साहस भी देते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण हमने कुछ महीने पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारत ने न केवल धर्म की रक्षा की, बल्कि अन्याय का बदला भी लिया। नक्सलवाद के खात्मे की ओर बढ़ने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस दीपावली में पहली बार देशभर के दूरदराज कई जिलों में दीप जलाए जाएंगे। इन जिलों में नक्सलवादी आतंकवाद का जड़ से सफाया हो चुका है। हाल के दिनों में कई लोग हिंसा का रास्ता छोड़ विकास की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जीएसटी बचत उत्सव पर प्रधानमंत्री ने कहा कि संकटों से जूझ रहे विश्व में भारत स्थिरता और संवेदनशीलता दोनों का प्रतीक बनकर उभरा है। देश ने हाल के दिनों में अगली पीढ़ी के सुधारों की भी शुरुआत की है। नवरात्रि के पहले दिन जीएसटी की कम दरें लागू की गईं। इस बचत उत्सव के दौरान नागरिक हज़ारों करोड़ रुपये बचा रहे हैं।

स्वदेशी अपनाने पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में नागरिक के तौर पर हमारी प्राथमिक ज़िम्मेदारी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन होनी चाहिए। उन्होंने कहा, "आइए हम 'स्वदेशी' (स्थानीय उत्पाद) अपनाएं और गर्व से कहें 'यह स्वदेशी है!'। आइए हम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को बढ़ावा दें।

## प्रधानमंत्री ने बोलीविया के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर दी रोड्रिगो पाज परेरा को बधाई

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोलीविया के नवनिर्वाचित मध्यमार्गी रोड्रिगो पाज़ परेरा को बधाई दी। अपने शुभकामना संदेश में प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों का उल्लेख किया है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, "रोड्रिगो पाज़ परेरा, बोलीविया के राष्ट्रपति चुने जाने पर हार्दिक बधाई। भारत और बोलीविया के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध लंबे समय से हमारे पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग की आधारशिला रहे हैं। मैं आने वाले वर्षों में साझा प्रगति और समृद्धि के लिए हमारी साझेदारी को और गहरा करने की आशा करता हूँ।"उल्लेखनीय है कि भारत-बोलीविया के बीच 1949 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे

## सितंबर में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर रही तीन फीसदी



**नई दिल्ली**, (हि.स)। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सितंबर 2025 में तीन फीसदी रही। इससे पिछले महीने अगस्त में यह 6.3 फीसदी थी, जो पिछले 13 महीनों में सबसे अधिक थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सालाना आधार पर ढांचागत क्षेत्रों में सुधार देखा गया है, लेकिन मासिक आधार पर उत्पादन में सुस्ती रही। इस्पात, सीमेंट, बिजली और उर्वरक का उत्पादन सकारात्मक रहा।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में इन आठ बुनियादी उद्योगों की औसत वृद्धि दर 2.9 फीसदी रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 4.3 फीसदी थी। आठ प्रमुख उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनका संयुक्त भार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 40.27 फीसदी है।

## दो दिवसीय दौरे पर 7 नंबर को असम आएंगी केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमन

**बिश्वनाथ (असम)** (हि.स.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन 7 और 8 नंबर को दो दिवसीय दौरे पर असम आएंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री 8 नवंबर को बिश्वनाथ जिलांतर्गत गहपुर के भोलागुड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।

केंद्रीय मंत्री सीतारमन पहली असमिया फिल्म 'जयमती' के निर्माण स्थल भोलागुड़ी में निर्मित होने वाले शहीद कनकलता बरुवा विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगी1 लगभग 740 बीघा



भूमि में बनने वाले इस राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय के लिए असम सरकार पहले चरण में 350 करोड़ रुपy खर्च करेगी। इस कड़ी में आज असम सरकार की वित्त मंत्री अजंता नेओग और राज्य के मुख्य सचिवभोलागुड़ी में पहुंचकर आवश्यक तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि भोलागुरी में बनने वाला स्तरीय विश्वविद्यालय इस क्षेत्र के लोगों के लिए शिक्षा के नये द्वार खोलेगा

## किसानों को सरलता, सुगमता और पारदर्शिता के साथ मिले खाद व बीज : शिवराज सिंह

**सीहोर,** (हि.स.) – केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर में खाद-बीज वितरण और फसल बीमा की समीक्षा बैठक में किसानों को सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद वितरण में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी दी जाए। नकली खाद, अवैध भंडारण और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर जोर दिया।



**रबी सीजन के लिए बीज-उर्वरक व्यवस्था** : बैठक में बताया गया कि रबी सीजन के लिए जिले में 1,28,298 क्विंटल बीज की मांग थी, जिसमें से 1,15,638 क्विंटल उपलब्ध कराए गए और 41,078 क्विंटल वितरित किए गए। उर्वरक की कुल मांग 1,63,100 मीट्रिक टन थी, जिसमें 64,133 मीट्रिक टन की आपूर्ति हुई और 39,090 मीट्रिक टन वितरित किया गया। मंत्री ने वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने और किसानों को असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।

**फसल बीमा और खेल महोत्सव**

चौहान ने पीएम फसल बीमा योजना के लाभ से सभी किसानों को जोड़े रखने और नुकसान का त्वरित आकलन करने का निर्देश दिया। साथ ही सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए खेल गतिविधियों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के पहले मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने शिव वाटिका में पौधारोपण भी किया।

## दीपावली पर देशभर में रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपये का हुआ कारोबार

**नई दिल्ली**, (हि.स)। इस वर्ष दिवाली पर देशभर में रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जिसमें 5.40 लाख करोड़ रुपये का उत्पाद और 65 हजार करोड़ रुपये का सेवा व्यापार शामिल है। यह पिछले वर्ष (4.25 लाख करोड़) की तुलना में 25 फीसदी की वृद्धि है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की रिपोर्ट के अनुसार, 60 प्रमुख वितरण केंद्रों पर आधारित यह अब तक का सबसे बड़ा त्योहारी कारोबार है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि "वोकल फॉर लोकल" और "स्वदेशी दिवाली" अभियान ने 87 फीसदी उपभोक्ताओं को भारतीय उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित किया।क्षेत्रवार बिक्री में किराना-एफएमसीजी 12%, सोना-चांदी 10%, इलेक्ट्रॉनिक्स 8%, रेडीमेड परिधान 7%, गिफ्ट आइटम 7%, होम डेकोर 5%, फर्नीचर 5%, मिठाई-नमकीन 5%, अन्य 41% शामिल हैं। कुल कारोबार में गैर-कारपोरेट और पारंपरिक बाजारों का 85 फीसदी योगदान रहा, जो छोटे व्यापारियों की मजबूत वापसी को दर्शाता है।

## ब्रिटेन की संसद में चागोस द्वीप मॉरीशस को सौंपे जाने पर सवाल, चीन पर आरोप

**लंदन,** (हि.स.)।

**विपक्ष ने अड्डे की सुरक्षा और मॉरीशस की गतिविधियों पर चिंता जताई।**

-----------------

ब्रिटेन ने हिन्द महासागर में मॉरीशस को सौंपे जाने वाले चागोस द्वीप समूह के 'पेरोस बानहोस' को चीन द्वारा सैन्य अड्डा बनाने की खबरों को "बकवास" करार दिया है। विदेश कार्यालय में राज्य मंत्री स्टीफन डौटी ने संसद में कहा कि कोई भी विदेशी सेना द्वीपों पर अड्डा नहीं बना सकती। उन्होंने बताया कि डिएगो गार्सिया स्थित ब्रिटिश-अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ब्रिटेन का नियंत्रण कम से कम 99 वर्षों तक रहेगा और वार्षिक लागत 10.1 करोड़ पाउंड होगी।

विपक्षी सांसद वेंडी मॉर्टन ने अड्डे की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और कहा कि मॉरीशस भारत के साथ सुरक्षा चर्चा कर रहा है। डौटी ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि यह समझौता राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करता है। विधेयक हाउस आफ कामन्स में 320 वोट से पारित हुआ और अब यह हाउस ऑफ लॉर्ड्स में जाएगा।

## देश से नक्सलवाद की समस्या अगले साल मार्च तक समाप्त हो जाएगी : राजनाथ

**- रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर जाकर अर्धसैनिक बलों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी**

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए 10 पुलिसकर्मियों की याद में आज पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पुलिस भारत की सामाजिक अखंडता की रक्षा करती है और देश के नागरिकों का भरोसा बनाए रखती है।




**नक्सलवाद और सुरक्षा चुनौतियाँ** : राजनाथ सिंह ने नक्सलवाद पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि देश से नक्सलवाद की समस्या अगले मार्च तक समाप्त हो जाएगी। उन्होंने पुलिस और अर्धसैनिक बलों के समन्वित प्रयासों की सराहना की, जिससे वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थिरता आई है।

**समाज और पुलिस का सहयोग**

रक्षा मंत्री ने जोर दिया कि पुलिस व्यवस्था तभी प्रभावी हो सकती है जब समाज कानून का सम्मान करे और पुलिस के सहयोगी बने। उन्होंने कहा कि पुलिस न केवल अपराध से, बल्कि समाज में विश्वास बनाए रखने के अपने नैतिक कर्तव्य का भी पालन कर रही है।

## बॉलीवुड अभिनेता असरानी का 84 साल की उम्र में निधन

**मुंबई,** – बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता और निर्देशक असरानी का सोमवार शाम मुंबई के आरोग्य निधि अस्पताल में 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सांताक्रूज के शास्त्री नगर श्मशान घाट पर परिवार और करीबी मित्रों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। निधन से कुछ घंटे पहले ही उन्होंने दिवाली 2025 की शुभकामनाएं इंस्टाग्राम पर साझा की थीं। असरानी ने 1960 के दशक में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की और 350 से अधिक फिल्मों में काम किया। 'शोले', 'छोटी सी बात', 'चुपके-चुपके', 'भूल भुलैया',



'धमाल' जैसी फिल्मों में उनकी यादगार भूमिकाएं दर्शकों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी। जयपुर के सिंधी परिवार में जन्मे असरानी ने थिएटर से अभिनय की शिक्षा प्राप्त की और मुंबई में किशोर साहू और ऋषिकेश मुखर्जी से मार्गदर्शन पाकर फिल्मी सफर शुरू किया। कॉमेडी और गंभीर दोनों में उनकी अदाकारी और सहज हास्य ने उन्हें पीढ़ियों तक यादगार बना दिया। उनका जाना सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

## अब पाउडर के रूप में मिलेगा शहद, हरियाणा के सोनीपत में निफ्टेम वैज्ञानिकों ने किया ईजाद

**सोनीपत,** (हि.स.)।

**यह पाउडर रसायन मुक्त, टिकाऊऔर अदरक, तुलसी व पुदीना स्वादों में उपलब्ध है।**

---------------------

**स्प्रे ड्राई तकनीक से तैयार पाउडर में कम कैलोरी और अधिक फाइबर होता है।**

---------------------




राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), कुंडली के वैज्ञानिकों ने पारंपरिक तरल शहद को पाउडर रूप में तैयार किया है। डॉ. रजनी चोपड़ा के नेतृत्व में विकसित यह हनी पाउडर अदरक, तुलसी और पुदीना जैसे प्राकृतिक स्वादों में उपलब्ध है।

यह पाउडर रसायन मुक्त, टिकाऊ और उपयोग में सुविधाजनक है।

तरल शहद की चिपचिपाहट और जमने की समस्या को यह हल करता है। स्प्रे ड्राई तकनीक से तैयार यह पाउडर लगभग 20% कम कैलोरी और अधिक फाइबर प्रदान करता है, जिससे यह पाचन और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए लाभकारी है।

निफ्टेम निदेशक डॉ. हरेंद्र ओबरॉय ने इसे भारतीय खाद्य परंपरा और आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट संगम बताया।

यह नवाचार न केवल भारतीय उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी है, बल्कि विश्व बाजार में भारतीय शहद की प्रतिष्ठा बढ़ाने में भी सहायक होगा।

## मप्र के छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप कंपनी के मालिक रंगनाथन को भेजा गया जेल

**जहरीले कफ सिरप से मप्र में 24 बच्चों की**

**छिंदवाड़ा,** (हि.स.)। जहरीले कफ सिरप के कारण 24 बच्चों की मौत के मामले में 'सीरीज एंड फर्म' के मालिक रंगनाथन गोविंदन को न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद उसे परासिया सिविल कोर्ट में पेश किया गया। मध्य प्रदेश सरकार की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने 10 अक्टूबर को तमिलनाडु से उसे गिरफ्तार किया था।



**एसआईटी की जांच और अन्य गिरफ्तारी** : छिंदवाड़ा और बैतूल में बच्चों की मौत के मामलों की जांच के लिए एसआईटी बनाई गई थी। सिरप की लैब जांच में गंभीर लापरवाही सामने आई। कंपनी की केमिकल एनालिस्ट के. महेश्वरी को भी गिरफ्तार कर तीन दिन की रिमांड के बाद जेल भेजा गया। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और जरूरत पड़ने पर आरोपी को फिर से रिमांड पर लिया जा सकता है।

**अभियुक्त का गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार** : कोर्ट में रंगनाथन ने मीडिया को देखकर हाथ हिलाया, जैसे कोई सेलिब्रिटी हो। बच्चों की मौत और गंभीर आरोपों के बावजूद उसके चेहरे पर कोई पछतावा नहीं दिखा। यह व्यवहार शोकसंतप्त परिवारों और स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर रहा है।

# छठ महापर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**पटना,** (हि.स.)। आगामी छठ महापर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सारण के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा एक-एक कर छठ महापर्व के बेहतर आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण फीडबैक एवं सुझाव दिया गया।

पर्व के पूर्व घाटों की साफ सफाई, ट्रैफिक प्रबंधन, घाटों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था आदि को लेकर महत्वपूर्ण फीडबैक एवं सुझाव दिये गये। शांति समति की बैठक के उपरांत सभी पदाधिकारियों के साथ भी छठ महापर्व के आयोजन को लेकर बैठक की गई।




सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर आयुक्त को सभी घाटों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण कर साफ सफाई एवं पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

घाटों पर बिजली के कनेक्शन की जाँच सुनिश्चित करने का निदेश विद्युत विभाग के अभियंता को दिया गया।

सभी महत्वपूर्ण घाटों पर गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति करने एवं सभी प्रतिनियुक्त गोताखोरों का मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने को कहा गया।

सिविल सर्जन को सभी अस्पतालों में एम्बुलेंस को तैयार अवस्था में रखने को कहा गया।

गहरे एवं खतरनाक घाटों पर इस आशय की सूचना का प्रदर्शन करने का निदेश सभी अंचलाधिकारी/कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ घाटों पर नहाय- खाय के अवसर पर काफी संख्या में छठ व्रती नहाने आती हैं। ऐसे सभी घाटों पर पहले ही साफ सफाई, पर्याप्त रोशनी एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

बैठक में उपविकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता विधि व्यवस्था, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्यगण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा थाना प्रभारी आदि जुड़े थे।

## पटना जिले के 14 विधानसभा सीटों पर 149 उम्मीदवार मैदान में, प्रशासन ने निष्पक्ष चुनाव की प्रतिबद्ध

**पटना,** (हि.स.) जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी त्यागराजन एस एम और वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के प्रथम चरण में नामांकन एवं अभ्यर्थिता वापसी की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। पटना जिले में कुल 9 अभ्यर्थियों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं, जिसके बाद अब जिले की 14 विधानसभा सीटों पर 149 उमच्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। अधिकारी द्वय




ने बताया कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी एवं सहभागिता पूर्ण चुनाव कराना है। इसके लिए संपूर्ण प्रशासनिक और पुलिस तंत्र सजग, तत्पर और प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थिता वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मोकामा में 8, बाढ़ में 12, बख्तियापुर में 9, दीघा में 11, बांकीपुर में 9, कुम्हारार में 13, पटना साहिब में 10, फतूहा में 12, दानापुर में 7, मनेर में 13, फुलवारी (अनुसूचित जाति) में 12, मसौढी (अनुसूचित जाति) में 9, पालीगंज में 14 तथा बिक्रम में 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

प्रथम चरण के तहत इन सीटों पर मतदान 6 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## बिहार विधानसभा चुनाव के लिए काँग्रेस पार्टी ने 6 प्रत्याशियों की सूची की जारी



**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कॉंग्रेस पार्टी ने अपने 6 उम्मीदवार की सूची जारी की है। कांग्रेस पार्टी के द्वारा जारी सूची के अनुसार वाल्मीकिनगर से सुरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, अररिया से अबिदुर रहमान, अमौर से जलील मस्तान, बरारी से तौकिर आलम, कहलगाँव से प्रवीण सिंह कुशवाहा और सिकंदरा (एससी) से विनोद चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कांग्रेस पार्टी ने 48 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 22 अक्टूबर को गोपालगंज-सिवान में करेंगे चार सभाएं

**पटना,** (हि.स.)। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार आगामी 22 अक्टूबर को गोपालगंज और सिवान जिलों में चार चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य संजय झा भी मौजूद रहेंगे। यह दौरा जिले में चुनावी गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

**गोपालगंज में सुबह की दो सभाएं** : गोपालगंज जिले में मुख्यमंत्री की पहली सभा सुबह 11.10 बजे भोरे, कुचायकोट और हथुआ में होगी। इसके बाद बरौली




और गोपालपुर में 12.25 बजे दूसरी सभा आयोजित की जाएगी। इन सभाओं में स्थानीय जनता के साथ संवाद और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। प्रशासन और दलगत स्तर पर सभाओं के आयोजन को सुचारू बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

**सिवान में अपराह्न की दो सभाएं** ' सिवान जिले में पहली सभा राजपुर (प्रखंड-रघुनाथपुर) के राजकृत उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज मैदान में अपराह्न 01:40 बजे आयोजित होगी। दूसरी सभा महमूदपुर (प्रखंड-बड़हरिया) के उच्च विद्यालय खेल मैदान में 02:55 बजे होगी। प्रशासन और संबंधित दलों ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि कार्यक्रम सुचारू और सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके।

**सुरक्षा और तैयारियां**

दोनों जिलों में सभाओं के आयोजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दीपावली पर्व समाप्त होने के बाद दोनों जिलों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय नेताओं के दौरे से चुनावी माहौल और सक्रिय हो गया है, और जन संपर्क कार्यक्रमों के जरिए जनता तक संदेश पहुंचाने का क्रम जारी है।

**01: गोपालगंज में सुबह 11.10 बजे और 12.25 बजे, सिवान में अपराह्न 01:40 बजे और 02:55 बजे सभाएं आयोजित होंगी।**

--------------------

**02 : जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य संजय झा भी सभी सभाओं में उपस्थित रहेंगे।**

--------------------

**03 : जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हों।**

# अमित शाह और धर्मेंद्र प्रधान पर प्रशांत किशोर का आरोप

## जन सुराज उम्मीदवारों को दबाव में लाने का दावा

**पटना,** (हि.स.)। जन सुराज पार्टी के रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर अपने पार्टी के उम्मीदवारों को दबाव और धमकी देकर नामांकन वापस कराने का बड़ा आरोप लगाया है। पटना के शेखपुरा हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि दानापुर, गोपालगंज और ब्रह्मपुर से पार्टी के उम्मीदवारों को भाजपा के डर के चलते नामांकन वापसी के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने दानापुर से अखिलेश कुमार उर्फ़ मुटूर शाह के मामले का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्हें दिनभर अमित शाह और भाजपा नेताओं के



साथ रखा गया और प्रचार तक करने के बावजूद नामांकन करने नहीं दिया गया। इसी तरह ब्रह्मपुर से डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी और गोपालगंज से डॉ. शशि शेखर सिन्हा पर भी स्थानीय भाजपा नेताओं द्वारा दबाव बनाया गया। प्रशांत किशोर ने कहा कि कुल 14 उम्मीदवारों को धमकाया गया, तीन ने नामांकन वापस लिया, लेकिन 240 उम्मीदवार अभी भी हिम्मत से खड़े हैं। उन्होंने कुम्हरार से प्रो. केसी सिन्हा और वाल्मीकिनगर के शिक्षक उम्मीदवार का उदाहरण भी दिया, जिन पर प्रशासनिक दबाव बनाया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती, वरिष्ठ नेता सुभाष सिंह कुशवाहा, सरवर अली, मीडिया प्रभारी ओबैदुर रहमान, प्रवक्ता कैप्टेन राजीव रंजन और सदफ इकबाल भी उपस्थित रहे। प्रशांत किशोर ने चुनाव आयोग से इस मामले में कार्रवाई की अपील की।

## विकास मित्रों को दिलाई गई मतदाता शपथ, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का किया गया आह्वान

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उदेश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में विकास मित्र एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अभियान को गति दी जा रही है। मंगलवार को सारण जिले के कल्याण विभाग कार्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखण्ड



कल्याण पदाधिकारी, विकास मित्र को मतदाता शपथ दिलाई गई। उन्हे अपने अपने क्षेत्रों में सभी निर्वाचक से अपने अपने मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। इस दौरान रविकांत सिंह, कृष्णा राम, राज कुमार राम, अनिल कुमार, अरुण कुमार, जितेंद्र कुमार सहित दर्जनों विकास मित्र मौजुद थे।

## पटना जिले के बाढ़-मोकामा में पुलिस ने छापेमारी कर 110 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के मद्देजनर पटना पुलिस ने विशेष समकालीन अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत बाढ़-1 अनुमंडल क्षेत्राधिकार के सभी थानों में सघन छापेमारी की गई। अनुमंडल में बाढ़ और मोकामा दोनों विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जहां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 110 आरोपितों की गिरफ्तारी की है। इनमें वारंटी, फरार अभियुक्त और आपराधिक मामलों में संलिप्त



लोग शामिल हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 3 अवैध हथियार, 6 जिंदा कारतूस और 2 खोखा बरामद किए हैं। वहीं असामाजिक तत्वों पर क्राइम कंट्रोल एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा या भय का माहौल न बने।बाढ़ और मोकामा विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े बाहुबली छवि वाले नेताओं ने चुनावी मैदान में जोर दिखाना शुरू किया है। मोकामा से दोनों प्रमुख उम्मीदवार जदयू के अनंत सिंह और राजद की वीणा देवी (पूर्व सांसद बाहुबली सूरजभान सिंह की पत्नी) दबंग छवि के हैं। अनंत सिंह हाल ही में जेल से बेल पर रिहा हुए हैं। बाढ़ में राजद उम्मीदवार लल्लू मुखिया भी बाहुबली छवि के है। ऐसे में इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में आपराधिक मामलों में संलिप्त लोगों द्वारा चुनाव को प्रभावित करने की किसी प्रकार की संभावना को पूरी तरह से खत्म करने के लिए पुलिस सक्रिय है।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बाढ़-1) राकेश कुमार ने बताया कि अब तक 110 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है और अवैध हथियारों की जब्ती हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण और भयमुक्त बनाने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और आगे भी सघन अभियान जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में आपराधिक तत्वों को चुनाव को प्रभावित करने नहीं दिया जाएगा।

# बिहार विधानसभा चुनाव : सीवान के आठ विधानसभा क्षेत्रों से 72 पुरुष और 4 महिलाएं आजमाएंगी किस्मत

**पटना/सिवान** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सिवान जिले में उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम डॉ. आदित्य प्रकाश ने मंगलवार को आठों विधानसभा क्षेत्रों से कुल 76 प्रत्याशियों की सूची जारी की। इनमें 72 पुरुष और 4 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। सिवान से राकांपा और भाजपा का सीधा मुकाबला 105-सिवान विधानसभा से आरजेडी के अवध बिहारी चौधरी और भाजपा के मंगलेश्वर पांडेय आमने-सामने हैं। इस सीट पर कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जिनमें बहुजन समाज पार्टी, एआईएमआईएम और जन सुराज पार्टी के उम्मीदवारों के अलावा कई निर्दलीय भी शामिल हैं।

**दरौंदा, बड़हरिया, गोरेयाकोठी और महाराजगंज में चुनावी रंग चढ़ा** : 109-दरौंदा से भाकपा (माले) और भाजपा के बीच संघर्ष है। 110-बड़हरिया में राजद के अरुण कुमार गुप्ता और जदयू के इन्द्रदेव सिंह के बीच मुकाबला दिलचस्प है।

**जीरादेई, दरौली और रघुनाथपुर में बहुकोणीय मुकाबला**

: 106-जीरादेई सीट पर भाकपा (माले) के अमरजीत कुशवाहा, जदयू के भीषम प्रताप सिंह और बसपा के प्रमोद मल्ल के बीच मुकाबला है। वहीं 107-दरौली सीट पर लोजपा (रामविलास) और भाकपा (माले) में टक्कर है। 108-रघुनाथपुर में राजद के ओसामा शहाब और जदयू के विकास कुमार सिंह आमने-सामने हैं।

111-गोरेयाकोठी में भाजपा और राजद आमने-सामने हैं, जबकि 112-महाराजगंज में राजद, जदयू और बसपा के उम्मीदवारों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।

**सुरक्षा और नामांकन प्रक्रिया पर प्रशासन की नजर**

डीएम डॉ. आदित्य प्रकाश ने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। निर्वाचन संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन सख्ती से सुनिश्चित कराया जाएगा।

# बिहार के गयाजी में 10 हजार कार्यकर्ताओं समेत 50 नेताओं ने जनसुराज से दिया इस्तीफा




**पटना** हि.स.)।

**नाराज नेताओं ने आरोप लगाया कि टिकट वितरण भाजपा के इशारे पर किया गया।**

----------------

**स्थानीय नेताओं की मेहनत और सुझावों की पार्टी में अनदेखी हुई।**

----------------

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के बीच जन सुराज पार्टी को गया जिले में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के करीब 10 हजार कार्यकर्ताओं और 50 से अधिक नेताओं ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। इन नेताओं में जिला संगठन प्रभारी और चुनाव प्रभारी समेत कई प्रमुख चेहरे शामिल हैं।

**24 अक्टूबर को तय होगा समर्थन का रुख** : इस्तीफा देने वाले नेताओं ने बताया कि वे अब किसी अन्य उम्मीदवार का समर्थन करने पर विचार कर रहे हैं। इस संबंध में 24 अक्टूबर को एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सामूहिक निर्णय लिया जाएगा कि वे किस उम्मीदवार को समर्थन देंगे।

**उम्मीदवार चयन पर नाराजगी**

नेताओं ने आरोप लगाया कि पार्टी में उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही। जिला चुनाव प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि गया जिले की 10 विधानसभा सीटों में से 8 सीटों पर कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर 'बाहरी' उम्मीदवारों को टिकट दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जन सुराज पार्टी भाजपा के इशारे पर काम कर रही है।

**स्थानीय नेताओं की मेहनत बेकार गई** : जिला अभियान समिति संयोजक जावेद अहमद खान ने कहा कि गुरुआ और शेरघाटी जैसे क्षेत्रों में स्थानीय नेताओं ने हजारों लोगों को सदस्य बनाया और आर्थिक योगदान दिया, लेकिन अंत समय में टिकट काट दी गई। नेताओं का कहना है कि अब वे एकजुट होकर जन सुराज उम्मीदवारों को हराने का काम करेंगे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में, मीडिया प्रतिनिधियों को दिया गया राजनीतिक विज्ञापन और पेड न्यूज प्रशिक्षण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार भा.प्र.से. के निर्देश में मीडिया प्रतिनिधियों को मंगलवार को महानंदा सभागार में विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश एवं आदर्श आचार संहिता के अनुरूप राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज और भ्रामक समाचार के प्रकाशन एवं प्रसारण से जुड़ी जानकारी देने हेतु आयोजित किया गया।

**प्रशिक्षण का उद्देश्य**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया पर किसी भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी या तीसरे पक्ष द्वारा विज्ञापन भारत निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देश और आदर्श आचार संहिता के अनुरूप प्रकाशित एवं प्रसारित हो। किसी भी अनधिकृत या भ्रामक सामग्री के प्रसारण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित दिशा-निर्देश** : टीवी चैनल, केबल नेटवर्क और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारित करने से पहले अनुमोदन लेना अनिवार्य है। उम्मीदवारों को मीडिया सर्टिफिकेशन मॉनिटरिंग कमेटी (MCMC Cell) को चुनावी विज्ञापन सामग्री की दो प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी। MCMC Cell 48 घंटे के भीतर निर्णय लेगी कि विज्ञापन आयोग और आचार संहिता के अनुरूप है या नहीं। अनुमोदन के बाद ही विज्ञापन प्रसारित किया जा सकेगा। बिना अनुमोदन के प्रसारण चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन माना जाएगा।

**पेड न्यूज और सोशल मीडिया पर नियंत्रण :**

नामांकन के बाद किसी भी समाचार या लेख के पैसे लेकर प्रकाशित होने को पेड न्यूज माना जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित उम्मीदवार को 96 घंटे के भीतर नोटिस दिया जाएगा और 48 घंटे में जवाब देना होगा। सोशल मीडिया प्रचार के लिए उम्मीदवारों को Form-26 में अपने सभी अकाउंट का विवरण देना अनिवार्य है। सभी पोस्ट, वीडियो, ऑडियो और इन्फोग्राफिक पर आचार संहिता लागू होगी, और खर्च चुनावी व्यय में शामिल किया जाएगा।

जिला स्तर पर मीडिया के चुनावी प्रचार की निरंतर निगरानी की जा रही है। पेड न्यूज, फेक न्यूज या आचार संहिता उल्लंघन की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

**प्रिंट मीडिया के लिए निर्देश**

मतदान से एक दिन पूर्व और मतदान दिवस को बिना MCMC अनुमोदन के कोई राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं होगा। विज्ञापन की प्रति कम से कम दो दिन पूर्व MCMC को प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रकाशक और उम्मीदवार का नाम एवं पता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अन्यथा Representation of People Act, 1951 की धाराओं 127A और 171(H) के तहत कार्रवाई की जाएगी। पोस्टर, पम्पलेट और हैंडबिल पर भी प्रकाशक और मुद्रक का नाम एवं पता देना अनिवार्य है।

## पूर्णिया में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 – द्वितीय चरण के नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न, विधिमान्य नामांकनों का विवरण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के द्वितीय चरण के लिए पूर्णिया जिले में नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। चुनावी अधिसूचना 13 अक्टूबर 2025 को जारी हुई थी और उम्मीदवारों ने 20 अक्टूबर तक अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। 21 अक्टूबर 2025 को संवीक्षा के उपरांत विधिमान्य उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है । जिसके अनुरूप
जिले के विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन और विधिमान्य नामांकनों का विवरण क्रमवार इस प्रकार है:

**विधानसभा क्षेत्र और नामांकन**

**विवरण:**

**56 – अमौर**
नामांकन की संख्या: 14
विधिमान्य नामांकित उम्मीदवार: 09

**57 – बायसी**
नामांकन की संख्या: 07
विधिमान्य नामांकित उम्मीदवार: 07

**58 – कसबा**
नामांकन की संख्या: 21
विधिमान्य नामांकित उम्मीदवार: 14

**59 – बनमनखी (अ0जा0)**
नामांकन की संख्या: 07
विधिमान्य नामांकित उम्मीदवार: 05

**60 – रूपौली**
नामांकन की संख्या: 15
विधिमान्य नामांकित उम्मीदवार: 15

**61 – धमदाहा**
नामांकन की संख्या: 11
विधिमान्य नामांकित उम्मीदवार: 11

**62 – पूर्णिया**
नामांकन की संख्या: 18
विधिमान्य नामांकित उम्मीदवार: 09

**आगे की प्रक्रिया:**
अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि: 23 अक्टूबर 2025
मतदान की तिथि: 11 नवंबर 2025
मतगणना की तिथि: 14 नवंबर 2025
निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने की तिथि: 16 नवंबर 2025
पूर्णिया जिले में यह चरण शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र यादव ने किया नामांकन, समर्थकों संग निकली आशीर्वाद यात्रा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

सदर 62 पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र यादव ने सोमवार को निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान कांग्रेस एवं महागठबंधन के कई नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उपस्थिति रही।

नामांकन से पूर्व श्री यादव ने पूर्णिया सिटी काली मंदिर, मां पूरणदेवी मंदिर तथा पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने अपने आवास खुश्कीबाग से समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में नामांकन स्थल की ओर प्रस्थान किया। नामांकन के उपरांत उन्होंने कचहरी परिसर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा कर आशीर्वाद लिया।





इसके बाद कला भवन में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के सीएलपी लीडर शकील अहमद खान, सांसद पप्पू यादव, एवं महागठबंधन से जुड़े विभिन्न दलों के स्थानीय नेता एवं नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान वक्ताओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाताओं की भूमिका और शांतिपूर्ण मतदान की आवश्यकता पर बल दिया। सभा में नागरिकों से निर्वाचन प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई।

कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र यादव ने सभा में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि वे पूर्णिया के सर्वांगीण विकास के लिए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और वे जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे।

सभा में नगर निगम की महापौर विभा कुमारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## विधायक विजय खेमका ने विभिन्न पूजा स्थलों पर की पूजा-अर्चना, क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

काली पूजा एवं दीपावली के शुभ अवसर पर पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के सदर विधायक विजय खेमका ने ईस्ट ब्लॉक एवं नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मां काली के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और आपसी सौहार्द की कामना की। विधायक ने राजीगंज महादलित टोला, उफरैल मिल्की, न्यू सिपाही टोला तथा मधुबनी कॉलोनी समेत कई स्थानों पर जाकर स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात की। उन्होंने सभी को दीपावली एवं काली पूजा की शुभकामनाएं दीं और समाज में एकता व भाईचारे का संदेश दिया।



कार्यक्रम के दौरान विधायक ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए चांदी कठवा, रानीपतरा और सेमलदास गांवों में शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।इस दौरान सकलदीप राजपाल संजय चौधरी,रामनारायण मेहता, पानो देवी, इत्यादि पूजा स्थल पर मौजूद थे !

### पूर्णिया में मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, लोगों में डेंगू-मलेरिया का खतरा

पूर्णिया शहर में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। बारिश के बाद जगह-जगह जलजमाव के कारण मच्छरों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसके चलते लोगों में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का डर बढ़ गया है। कई मोहल्लों के लोगों ने नगर निगम से फॉगिंग और सफाई अभियान चलाने की मांग की है। हालांकि निगम की ओर से सीमित क्षेत्रों में ही फॉगिंग की जा रही है, जिससे नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से त्वरित कदम उठाने की अपील की है।

# बनमनखी में सांसद प्रदीप वर्मा ने महागठबंधन पर साधा निशाना

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के तहत पूर्णिया जिले के बनमनखी विधानसभा क्षेत्र (59) में एनडीए प्रत्याशी के नामांकन के अवसर पर आयोजित आशीर्वाद सभा में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के पूर्णिया, भागलपुर व कोशी प्रमंडल के चुनाव प्रभारी प्रदीप वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह समेत कार्यकर्ता और समर्थक भी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा कि यह नामांकन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनमनखी के विकास की नई प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने गांवों की कनेक्टिविटी, उद्योगों के विस्तार, शिक्षा संस्थानों की स्थापना और बाढ़ नियंत्रण जैसी योजनाओं के माध्यम से बिहार को विकास के नए आयाम दिया हैं। इस दौरान उन्होंने
महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि "एनडीए सुशासन का प्रतीक है, जबकि महागठबंधन अराजकता और परिवारवाद का पर्याय।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जहां 140 करोड़ भारतीयों को अपना परिवार मानते हैं, वहीं विपक्ष केवल अपने परिवार तक सीमित है।



सभा में कृष्ण कुमार ऋषि ने जनता से विकास और स्थिर सरकार के लिए समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि बनमनखी को शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में मॉडल विधानसभा बनाना उनका लक्ष्य है।बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 6 नवंबर, दूसरे चरण का 11 नवंबर, और मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## पूर्णिया में व्रिधानसभा चुनाव के मद्देनजर SST टीम ने एक लाख रुपये बरामद किए

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर विशेष सतर्कता के तहत रविवार को SST टीम द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में 20 अक्टूबर 2025 को सदर थाना क्षेत्र के सनौली चौक पर जांच के दौरान एक वाहन से ₹1,00,000 (एक लाख रुपये) की नकद राशि बरामद की गई। टीम ने संदिग्ध धनराशि को मौके पर ही जप्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाहन चालक राशि के स्रोत के संबंध में संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।



SST (स्थैतिक निगरानी दल) की टीम ने पूरी कार्रवाई की रिपोर्ट संबंधित निर्वाचन प्रेक्षक व आयकर विभाग को अग्रसारित कर दी है। फिलहाल जप्त राशि की जांच और आगे की विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। चुनाव आचार संहिता के तहत जिले में लगातार वाहन जांच और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

## बड़हरी पंचायत में रंगोली और शपथ अभियान के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए अंशुल कुमार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के तहत लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को डीपीएम जीविका के नेतृत्व में भवानीपुर प्रखंड अन्तर्गत तान्या CLF द्वारा बड़हरी पंचायत में रंगोली और शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक किया गया कि वे 11 नवंबर 2025 को अपने मतदान केंद्र पर जाकर शत-प्रतिशत मतदान करें और लोकतंत्र का सम्मान करें।

## पूर्णिया पुलिस ने शहीद हवलदार मिथिलेश कुमार को सम्मानित किया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

मंगलवार कों पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर पूर्णिया जिला पुलिस द्वारा अपने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उप-महानिरीक्षक, पूर्णिया क्षेत्र एवं पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया के नेतृत्व में शहीद चालक हवलदार स्व. मिथिलेश कुमार के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शहीदों के साहस और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।



पुलिस महोदयों ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमेशा जिलेवासियों और पुलिस बल के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। उन्होंने शहीद परिवारों के साथ संवेदनाएँ व्यक्त की और उन्हें सम्मान एवं सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारी एवं जवानों ने भी शहीदों के सम्मान में फूल अर्पित किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने शहीदों के परिजनों के साथ सम्मान एवं भावभीनी श्रद्धांजलि साझा की।

## जिले भर में चला केंद्रीय बलों के साथ सघन वाहन जांच अभियान



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु सोमवार की रात्रि में जिले के विभिन्न चेक पोस्टों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला पुलिस प्रशासन के साथ केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीमों ने वाहनों की गहन जांच की। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से जिले में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी तेज कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध धन, शराब, हथियार या किसी भी प्रकार की चुनावी गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश भी दिया गया। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

# दीपों से जगमग हुआ पूर्णिया : रौशनी और उल्लास से नहाया पूरा शहर, आसमान भी रंग विरंगी पताखों की फूलझड़ियों से होता रहा जगमग

**जिले भर में लोगों ने पारंपरिक रंग में मनाई हर दिल अज़ीज़ दीपावली, दीप जलाया पटाखे छोड़े और एक दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर दीपावली की शुभकामनाये दी| पूर्णिया की दीपावली इस बार सिर्फ रोशनी का नहीं, बल्कि "संवेदना, संस्कृति और स्वच्छता" का संदेश देने वाली दीपावली साबित हुई|**







**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

रोशनी का त्योहार दीपावली इस बार पूर्णिया में अद्भुत उल्लास और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। शाम ढलते ही शहर की गलियां, चौक-चौराहे और मंदिर दीपों की मृदुल आभा से जगमगा उठे। दुकानों, मकानों और सरकारी भवनों पर रंग-बिरंगी झालरों ने जैसे पूरी रात को जीवंत बना दिया।

**मिट्टी के दीयों की फिर लौटी रौनक** : इस बार शहर के बाजारों में मिट्टी के दीयों और स्थानीय कारीगरों के बने दीपों की खूब बिक्री हुई। पर्यावरण के प्रति जागरूक लोगों ने पटाखों से दूरी बनाते हुए पारंपरिक ढंग से दीपावली मनाने की मिसाल पेश की। हालांकि युवा पीढ़ी में लक्ष्मी पूजा के बाद पटाखा छोड़ने को लेकर खासा उत्साह देखा गया, बल्कि लोगों ने जमकर अतिशबाजी भी की, व्यवसायिक नगरी गुलाबबाग , बस स्टैंड, लाइन बाजार और भट्ठा बाजार खुश्कीबाग सहित जिले भर में शाम को भी खरीदारी को लेकर भारी भीड़ देखी गई।

माँ लक्ष्मी की पूजा और सामाजिक समरसता

हर घर में माँ लक्ष्मी की पूजा अर्चना विधिवत सम्पन्न हुई। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। शहर के कई सामाजिक संगठनों ने गरीब परिवारों और जरूरतमंद बच्चों के बीच मिठाइयां और कपड़े वितरित कर त्योहार की सच्ची भावना को जीवित रखा।

**सुरक्षा और स्वच्छता पर प्रशासन की सतर्कता** : दीपावली के अवसर पर जिला प्रशासन ने विशेष निगरानी की व्यवस्था की थी। नगर निगम की टीम ने पूरे शहर में सफाई अभियान चलाया, वहीं पुलिस बल ने मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में चौकसी बनाए रखी। अग्निशमन विभाग की गाड़ियाँ भी अलर्ट मोड में रहीं।

## दीपावली के बाद छठ पूजा की तैयारियों में जुटे शहर वासी, छठ घाट और बाजारों के तरफ किया रुख

**न्यूज़ स्केल, पूर्णिया**



दीपावली का त्यौहार समाप्त होते ही शहर और आसपास के क्षेत्रों में छठ पूजा की तैयारियों में तेजी आ गई है। इस वर्ष छठ पूजा 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। यह पर्व सूर्य देवता और छठी मइया की आराधना के लिए प्रसिद्ध है, और श्रद्धालु इसे आस्था, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाते हैं।

पर्व की प्रमुख क्रियाएँ

पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। 25 अक्टूबर को व्रति गंगा या किसी पवित्र जलाशय में स्नान कर शुद्ध भोजन ग्रहण करेंगे। यह दिन शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इसके अगले दिन 26 अक्टूबर को खरना का आयोजन होगा। इस दिन व्रति दिनभर उपवास रखते हैं और सूर्यास्त के समय गुड़-चावल की खीर और रोटी ग्रहण करते हैं। खरना व्रति के लिए विशेष महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद चार दिन तक वे सूर्य को अर्घ्य देते हुए उपवास का पालन करते हैं। 27 अक्टूबर को संध्या अर्घ्य होगा, जबकि 28 अक्टूबर को उषा अर्घ्य और पारण के साथ व्रति अपना व्रत समाप्त करेंगे।

घाटों की तैयारियाँ और प्रशासनिक इंतजाम

इस बार शहर के सभी घाटों पर विशेष तैयारी और सुरक्षा के इंतजाम की जा रही है। जिला प्रशासन ने घाटों की सफाई और सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए हैं। पुलिस और प्रशासनिक कर्मचारियों की मौजूदगी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने, प्रकाश और परिवहन की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा, व्रती परिवार भी घाटों पर सफाई और सजावट को लेकर जुट गये घाटों पर पहुंचने लगे हैं।

बाजारों में बढ़ी रौनक

स्थानीय बाजारों में पूजा सामग्री की बिक्री जोर-शोर से चल रही है। सूप डाला, दौरा, पूजा थाल, खरना सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं दुकानों पर उपलब्ध हैं। छठ व्रती और दुकानदार दोनों ही पर्व की भव्यता को ध्यान में रखते हुए तैयारियों में व्यस्त हैं।

## दीपों की जगमगाहट में नहाया कसबा, पारंपरिक उल्लास के साथ मनाई गई दीपावली

**लक्ष्मी-गणेश पूजा, रंगोली, आतिशबाजी और "केला चुमाने" की अनोखी परंपरा बनी आकर्षण का केंद्र**

**न्यूज़ स्केल, कसबा (पूर्णिया)**



कसबा प्रखंड क्षेत्र में दीपों का पर्व दीपावली इस बार भी हर्ष, उल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में त्योहार को लेकर उत्साह का माहौल रहा। घरों की सफाई और सजावट के साथ शाम होते ही पूरा कसबा दीपों की रोशनी से जगमगाने लगा। महिलाओं ने घरों के आंगन में रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाईं, वहीं संध्या वेला में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद दीप प्रज्वलन के साथ ही वातावरण भक्तिभाव से भर उठा। कसबा बाजार में दिनभर चहल-पहल बनी रही। मिठाई की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ रही, वहीं बच्चों ने पटाखे और आतिशबाजी का भरपूर आनंद लिया।शाम के समय कसबा के प्रमुख काली मंदिरों को फूलों और रंगीन लाइटों से सजाया गया, जिससे पूरा इलाका आस्था और सौंदर्य से दमक उठा। दीपों की कतारों और सजे हुए घरों से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो धरती पर स्वर्ग उतर आया हो।इस पर्व की एक अनोखी स्थानीय परंपरा "केला चुमाने" भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। परंपरा के अनुसार, घर-घर में बुजुर्गों ने बच्चों और कुंआरे लड़का-लड़कियों को केले से "चुमाकर" आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय जीवन की कामना की। लोगों का कहना था कि दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि आस्था, स्नेह और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। पूरे कसबा में शांति और भाईचारे का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

## विधायक विजय खेमका ने व्यक्त किया शोक, परिजनों से की मुलाकात

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के ईस्ट ब्लॉक अंतर्गत रामपुर पंचायत निवासी दिलीप साह के सुपुत्र की सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु पर सदर विधायक विजय खेमका ने गहरा शोक व्यक्त किया। विधायक श्री खेमका मृतक के आवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना प्रकट की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके उपरांत विधायक ने रामपुर नया टोला निवासी वरिष्ठ समाजसेवी श्री अयोध्या प्रसाद दास से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के साथ सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विधायक के साथ समाजसेवी अनिल साह, धनंजय भगत, डब्बू भगत, मुखिया निरंजन उड़ाव, अंगद मंडल सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## पटाखे की चिंगारी से गुलाबबाग के बागेश्वरी स्थित तिरपाल बनाने की फैक्ट्री में, प्लास्टिक की बोरियों में लगी आग, मचा रहा हलचल

**दिवाली की रात हुई अगलगी में लाखों रुपये के माल का हुआ नुकसान, फायर ब्रिगेड ने कई घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया**

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



दिवाली की रात पटाखों की चिंगारी ने गुलाबबाग स्थित बागेश्वरी स्थान में एक प्लास्टिक बोरी के गोदाम को अपनी लपटों में समेट लिया। पटाखे की चिंगारी से लगी आग की लौपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे गोदाम का सारा माल जलकर खाक हो गया। इस अगलगी में लाखों रुपये मूल्य के बोरियों के बंडल नष्ट हो गए। अगलगी की यह घटना दिनेश सिंह के गोदाम में हुई, जो पिछले दस वर्षों से प्लास्टिक बोरियों का कारोबार कर रहे हैं। गोदाम घनी आबादी वाले इलाके में होने के कारण आग फैलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि शुक्र यह ठा की आग गोदाम के पिछले हिस्से में रखे बोरियो के बंडल में लगा ठा जहाँ आस पास खाली जगह था ! स्थानीय लोगों ने बताया कि दिवाली के दौरान लोग पटाखे चला रहे थे। इसी दौरान स्काई लाइट पटाखे की चिंगारी गोडाउन के पिछले हिस्से में रखे प्लास्टिक की बोरियों के ढेर पर गिरी और आग लग गई। उस समय गोदाम में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। स्थानीय निवासी विजय कुमार प्रदीप कुमार इत्यादि ने बताया कि आग फैलते ही लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

राहत एवं बचाव अभियानः सूचना मिलते ही सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार और सदर एसडीपीओ दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां और डिजास्टर मैनेजमेंट की टीम आग पर काबू पाने के लिए जुटी। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया गया।

## पूर्णिया में मतदाता जागरूकता अभियान जोर-शोर से जारी



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिया के दिशा निर्देश में स्वीप कोषांग के विभागीय अधिकारियों द्वारा पूर्णिया जिले के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य सभी मतदाताओं को 11 नवंबर 2025 को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। इसी क्रम में मंगलवार को अमौर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खाता टोली मतदान केंद्र पर 200 और प्राथमिक विद्यालय पठुगांव मतदान केंद्र पर 307 मतदाताओं को आशा एवं आशा फैसिलिटेटरों द्वारा जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मतदाता अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करने और लोकतंत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के महत्व को समझे। अभियान के दौरान मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, समय और केंद्र की जानकारी दी गई, ताकि सभी को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

## दीपावली हर्षोल्लास और हुक्का-पाती की परंपरा के साथ मनाई गई

**न्यूज़ स्केल, हरदा**



मरंगा थाना क्षेत्र सहित नगर निगम के तहत मरंगा, उफरैल, हरदा, कबैया, लालगंज, गगैली, सत कोदरिया, मजरा, सहरा, रहुआ और गोआ सी पंचायतों में दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। लोग घरों को दीपों और रंगोली से सजाकर माता लक्ष्मी और गणेश भगवान का पूजन कर नए साल की खुशियाँ मनाते नजर आए। हरदा, फरियानी, गंगेली, मजरा और गोआ सी में माता काली के स्थान पर प्रतिमाएँ स्थापित कर मेले का शुभारंभ हुआ। इस दौरान पुलिस गश्त भी तेज कर दी गई थी।

**पारंपरिक परंपरा हुक्का-पाती का विशेष महत्व** : दीपावली पर मिथिलांचल की पारंपरिक परंपरा हुक्का-पाती का विशेष महत्व है। इसे घर में लक्ष्मी के आह्वान का प्रतीक माना जाता है। घर के प्रमुख व्यक्ति दोपहर बाद हुक्का-पाती बनाते हैं और पूजा घर में घी के दिए के साथ इसे सजाते हैं। शाम को सभी सदस्य नहा धोकर पूजा करते हैं और दीयों से हुक्का-पाती में आग लगाते हैं। घर के सभी पुरुष सदस्य मिलकर हुक्का-पाती खेलते हैं, जबकि वरिष्ठ महिला सदस्य को इसे संभालने का अधिकार होता है। अगले दिन सुबह यह पांती सूप में जलाकर समाहित की जाती है। स्थानीय पंडितों के अनुसार, यह परंपरा घर से दरिद्रता दूर करने और समृद्धि लाने के लिए आदि काल से चली आ रही है। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ने क्षेत्रवासियों के बीच एकता और उल्लास का माहौल पैदा कर दिया।

## कसबा-पूर्णिया में काली पूजा की धूम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**न्यूज़ स्केल, कसबा**



कसबा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मां काली की पूजा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। दीपावली की मध्य रात्रि से ही विभिन्न स्थानों पर काली की प्रतिमाओं की स्थापना की गई, जबकि कुछ स्थानों पर केवल पूजा और प्रसाद अर्पित किया गया।

**दंत काली मंदिर का विशेष आकर्षण** : मांझी टोल मदारघाट स्थित दंत काली मंदिर को इस अवसर पर खास तौर पर सजाया गया। अभिमंत्रित काली के स्थापित स्थान पर चुनरी और फूलों से सुन्दर सजावट की गई। श्रद्धालु दर्शन और पूजा के लिए दूर-दूर से पहुंचते हैं, क्योंकि यहां मन्नतें पूरी होने का विश्वास विशेष रूप से रखा जाता है।

**महिलाओं की विशेष सहभागिता**

पूजा एवं दर्शन के दौरान लोगों की भीड़ में महिलाओं की संख्या अधिक रही। श्रद्धालु माता को फूल और अन्य प्रसाद अर्पित कर अपनी मन्नतें मांगते दिखे। मंदिर परिसर में उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

**धार्मिक और सामाजिक रंग**

कसबा में काली पूजा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि यह स्थानीय समाज और संस्कृति के जीवंत प्रदर्शन का भी अवसर है। स्थानीय लोग इस पर्व को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाते हैं और परिवार सहित त्योहार की खुशियों में शामिल होते हैं।

# कैलाश सुशील नर्सिंग संस्थान का चौथा स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

## संस्थापक स्व. ई. राजीव कुमार सिंह को दी गई श्रद्धांजलि, छात्रों ने गीत-नृत्य से सजाया मंच

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**





समाज निर्माण फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित कैलाश सुशील नर्सिंग संस्थान एवं अजय हॉस्पिटल, गणेशपुर, परोरा (पूर्णिया) के सभागार में संस्थान का चौथा स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें संस्थान के डायरेक्टर एवं चेयरमैन रंजीत रमण, कियान कुंजल, डा. एस. के. सिन्हा, डा. एस. के. सुमन, प्रिंसिपल सुधाकर कुमार, नोडल पदाधिकारी निरंजन कुमार, मैनेजर विजय कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सीनियर छात्र कौशल कुमार ने अपनी मधुर वाणी से किया, जिन्होंने पूरे समारोह को उमंग और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाया। समारोह के आरंभ में सभी उपस्थितजन संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय ई. राजीव कुमार सिंह को याद कर भावुक हो उठे। हाल ही में उनके आकस्मिक निधन ने सभी को स्तब्ध कर दिया था।इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अतिथियों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

**संवेदनाओं के बीच उत्साह का माहौल** : भावनाओं से भरे माहौल के बावजूद छात्रों में उत्साह और जोश देखने लायक था। कार्यक्रम की शुरुआत जीएनएम नर्सिंग की छात्रा प्रतिभा कुमारी के स्वागत गीत से हुई, जिसने पूरे सभागार को भावनात्मक बना दिया। इसके बाद एएनएम एवं जीएनएम के छात्र-छात्राओं — प्रभा कुमारी, रानी कुमारी, अनिशा कुमारी, कौशल कुमार, पुरसोत्तम कुमार, इंद्रजीत कुमार, नितीश कुमार और रवि कुमार — ने छठ पर्व पर आधारित गीत और नाट्य प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को छठ की आस्था में डुबो दिया।

**बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बाँधा समां** : कार्यक्रम में सगुण कुमारी, मन्नू कुमारी और गौरी कुमारी ने अपने शानदार नृत्य से सभी का मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों की ऊर्जा और प्रस्तुति ने दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल को जीवंत बनाए रखा।



**''मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म'' — रंजीत रमण**

अपने संबोधन में संस्थान के डायरेक्टर एवं चेयरमैन रंजीत रमण ने कहा कि, "पिछले चार वर्षों में हमारे संस्थान ने न केवल पूर्णिया बल्कि बिहार के कई जिलों के छात्रों और अभिभावकों का विश्वास जीता है। यह संस्थान अपने समर्पण, अनुशासन और गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। हम सब मिलकर संस्थापक के सपनों को साकार करेंगे। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, और यही इस संस्थान का मूल उद्देश्य है।"

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर राज्य और देश की सेवा में अपना योगदान दें।

**संस्थापक के सपनों को पूरा करने का संकल्प** : संस्थान की सचिव कंचन भारती ने कहा कि – "हमारा लक्ष्य है कि यहां से शिक्षित होकर निकलने वाले बच्चे समाज में नर्सिंग क्षेत्र में नई पहचान बनाएं। यही हमारे संस्थापक का सपना था, और हम सब उसे पूरा करने के लिए संकल्पित हैं।" कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका मोनिका टुड्डू, पूजा राज, महिमा कुमारी और साहिवा इस्लाम ने भी विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिए।

समारोह का समापन डा. के. के. चौधरी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। गम और गर्व के मिश्रित माहौल में आयोजित यह कार्यक्रम संस्थान की एकजुटता, संवेदना और समर्पण की मिसाल बन गया।

# विधायक लेशी सिंह ने चलाया जन सम्पर्क अभियान, किया जन संवाद

**न्यूज़ स्केल हरदा (पूर्णिया)**



धमदाहा विधायक और मंत्री लेशी सिंह ने के.नगर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान जनता से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंन जनता से समर्थन मांगा, और कहा कि समर्थन और आशीर्वाद को क्षेत्र के विकास कार्यों में समर्पित रखा जाता है।

लेशी सिंह ने अपने संबोधन में यह भी बताया कि वे हमेशा जाति, धर्म या किसी अन्य पहचान से ऊपर उठकर क्षेत्र के विकास पर ध्यान देती हुँ। उन्होंने कहा कि उनके किए गए विकास कार्यों का उद्देश्य केवल जनता की भलाई और क्षेत्र की प्रगति हुईं है।

कार्यक्रम में गोआसी पंचायत के सरपंच नूरुल आलम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य और जदयू नेता नोमान आलम, मजरा के पूर्व मुखिया अजमल हुसैन, रहूआ के पूर्व मुखिया जियाउर रहमान, सत कोदरिया के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि परवेज आलम तथा रहूआ के सक्रिय सदस्य मो सुहान (मिंटू) ने मंत्री लेशी सिंह का अभिनंदन किया।

मंत्री लेशी सिंह ने इस अवसर पर जनता से विचार-विमर्श किया और स्थानीय विकास, योजनाओं की प्रगति की जानकारी साझा की।

# नामांकन के अंतिम दिन बनमनखी विधानसभा से पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन, एक निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में

## विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया संपन्न

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**

बनमनखी विधानसभा क्षेत्र (संख्या 59 – अनुसूचित जाति आरक्षित) से बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कुल सात प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें एक निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं।

अंतिम दिन निर्दलीय उम्मीदवार शंकर ब्रह्मचारी उर्फ शंकर पासवान ने अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इस विधानसभा क्षेत्र से अब तक भाजपा से मौजूदा विधायक कृष्ण कुमार ऋषि, कांग्रेस से देवनारायण रजक, बहुजन समाज पार्टी से सुबोध पासवान, सुहेल भारतीय पार्टी से आशा देवी, फॉरवर्ड ब्लॉक से रूबी देवी, जन सुराज पार्टी से मनोज ऋषि, तथा स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में शंकर ब्रह्मचारी उर्फ शंकर पासवान ने नामांकन किया है।स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन करने वाले शंकर ब्रह्मचारी ने नामांकन से पूर्व स्थानीय धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना की और शांतिपूर्ण तरीके से अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंचे। नामांकन के उपरांत उन्होंने अपने समर्थकों का आभार जताया और कहा कि वे जनसेवा को प्राथमिकता देंगे।



नामांकन के बाद समर्थकों के साथ स्वतंत्र प्रत्याशी शंकर ब्रह्मचारी उर्फ शंकर पासवान

निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, नामांकन पत्रों की जांच निर्धारित तिथि पर की जाएगी तथा वैध प्रत्याशियों की अंतिम सूची बाद में जारी की जाएगी। संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं आदर्श आचार संहिता के अनुरूप संपन्न हुई।

# जलकुंभी से पटा दोहमुनी छठ घाट, व्रतियों को होगी परेशानी — ग्रामीणों ने की सफाई की मांग

**न्यूज़ स्केल बैसा**



दोहमुनी छठ घाट पर फैली जलकुंभी

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा नजदीक है। दुर्गा पूजा के समापन के साथ ही क्षेत्र में छठ की तैयारियां जोरों पर हैं। लेकिन बैसा प्रखंड के दोहमुनी छठ घाट पर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। आस्था की प्रतीक दोहमुनी नदी जलकुंभी और गंदगी से पटी पड़ी है, जिससे छठ व्रतियों को पूजा के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

हर वर्ष इस घाट पर सैकड़ों श्रद्धालु छठ व्रत करते हैं और मेले का भी आयोजन होता है, लेकिन इस बार अब तक प्रशासन की ओर से सफाई कार्य शुरू नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नदी की सफाई नहीं की गई, तो व्रतियों को घाट पर स्नान और अर्घ्य देने में दिक्कत होगी।

गांव के नजदीक मनरेगा से लाखों की लागत से घाट का निर्माण कराया गया था, परंतु वहां भी जलकुंभी और कचरे का अंबार लगा हुआ है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द छठ घाट की सफाई अभियान चलाने की मांग की है ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से पर्व संपन्न कर सकें।

# जानकीनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : देशी कट्टा, जिंदा कारतूस और 50 बोतल कोडीन कफ सिरप बरामद, एक गिरफ्तार,जेल

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**



पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एसडीपीओ शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में जानकीनगर में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। दरअसल आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मादक पदार्थ तस्करों, अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर निगरानी कड़ी की जा रही है। बीते रविवार को जानकीनगर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। खूंट मोर के पास 5 लीटर देशी शराब के साथ एक युवक को धराया गया। वहीं चांदपुर भंगहा में महिला पूनम कुमारी के घर तलाशी लेने पर 100 एमएल के प्रबंधित कोडीन कफ सिरप की 50 बोतलें बरामद हुईं और महिला को गिरफ्तार किया गया। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक युवक के पास अवैध हथियार है और वह राहगीरों के साथ लूटपाट की योजना बना रहा है। इटहरी मोड़ के समीप पहुंची छापेमारी टीम ने युवक को देखा। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, जिसे तुरंत पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान नंदन कुमार पासवान, साकिन हिंगवा, थाना भरगामा, जिला अररिया के रूप में हुई। आरोपी से पूछताछ के बाद उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष परीक्षित पासवान, पुलिसकर्मी विवेक कुमार, पवन कुमार, अनुष्का कुमारी, अर्चना कुमारी, मंटू सिंह, सिपाही संतोष, सूरज, उमेश, महिला सिपाही सलिता कुमारी, बबीता कुमारी तथा नियुक्त मजिस्ट्रेट राजस्व अधिकारी बालकृष्ण भारद्वाज शामिल थे।

# पूर्णिया में महागठबंधन की संयुक्त बैठक आयोजित




**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

पूर्णिया जिले में महागठबंधन की एकजुटता को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बिजेंद्र यादव की अध्यक्षता में गोकुल कृष्ण आश्रम में संयुक्त चुनावी बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ़ पप्पू यादव और बिहार प्रभारी आई सीसी सचिव शाहनवाज आलम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सभी महागठबंधन प्रत्याशी और जिला कांग्रेस कमिटी के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में श शाहनवाज आलम ने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं।

जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मतदाता जागरूकता और चुनावी गतिविधियों में सक्रिय रहने का आह्वान किया। बैठक में पूर्णिया, कसबा और बनमनखी विधानसभा क्षेत्रों के महागठबंधन प्रत्याशी भी उपस्थित रहे !

इस बैठक में महिला, युवा, के साथ विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों के अलावा अन्य प्रमुख कार्यकर्ता भी बैठक में शामिल हुए।

# पूर्णिया में नामांकन का समर: कसबा में सबसे ज़्यादा तो बनमनखी में सबसे कम उम्मीदवार मैदान में

## — सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 93 प्रत्याशियों ने ठोका दावा, 70 को मिली विधिमान्यता

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में पूर्णिया जिले की सात विधानसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिले में कुल 93 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए, जिनमें से जांच के बाद 70 प्रत्याशियों के नामांकन को विधिमान्य घोषित किया गया है।

आंकड़ों के अनुसार, कसबा विधानसभा क्षेत्र (58) में सबसे अधिक 21 उम्मीदवारों ने नामांकन किया, जिनमें से 14 प्रत्याशी ही वैध पाए गए। वहीं, बनमनखी (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 7 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया और 5 प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में बने रह गए। इसके अलावा, अमौर से 14 में से 9, बायसी से 7 में से सभी 7, रूपौली से 15 में से 15, धमदाहा से 11 में से 11, और पूर्णिया सीट से 18 में से 9 प्रत्याशियों के नामांकन को स्वीकृति मिली है।

राजनीतिक हलकों में अब कसबा को "सबसे वाला रणक्षेत्र" और बनमनखी को "सीधी टक्कर वाला मैदान" कहा जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, प्रत्याशी अब अपने प्रचार अभियान को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं, जबकि मतदाताओं के बीच चुनावी सरगर्मी तेजी से बढ़ने लगी है।

पूर्णिया का चुनावी नक्शा एक बार फिर बहुरंगी हो गया है — कहीं बहुकोणीय मुकाबले की आहट है तो कहीं सीधे संघर्ष का अंदेशा। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि मतदाता किस ओर रुख करते हैं।

# खाड़ी महीनगांव ओपी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 लीटर से अधिक विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल अमौर**



अमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत खाड़ी महीनगांव ओपी पुलिस ने रविवार, 19 अक्टूबर को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की। पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल के साथ कुल 10.080 लीटर विदेशी शराब जप्त करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मो. रवेश, पिता मो. कलीम, निवासी चकवा वार्ड नं. 10 तथा दशरथ महतो, उम्र 32 वर्ष, पिता स्व. चंद्र महतो, निवासी नोनिया टोला वार्ड नं. 03, दोनों थाना डगरूआ, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर शराब की आपूर्ति के उद्देश्य से क्षेत्र में आ रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। वाहन की तलाशी के दौरान विदेशी शराब के कई बोतलें बरामद की गईं। जब्त शराब और मोटरसाइकिल को ओपी लाया गया है। दोनों अभियुक्तों से पूछताछ जारी है, ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके। पुलिस ने बताया कि शराबबंदी कानून के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# संविक्षा के दौरान फारबिसगंज के सभी 13 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र पाए गए सही

**अररिया,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के द्वितीय चरण के तहत 11 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। मंगलवार को फारबिसगंज और नरपतगंज विधानसभा क्षेत्रों में अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रुटनी) संपन्न हुई। फारबिसगंज विधानसभा से नामांकन करने वाले सभी 13 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सही पाए गए, जबकि नरपतगंज में 28 नामांकन पत्रों में से 12 को रद्द कर दिया गया।

**नरपतगंज में 12 नामांकन रद्द**

नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र में नामांकन पत्र रद्द होने का कारण शपथ पत्र समय पर न देना, फॉर्म के कॉलम खाली रखना और आवश्यक



हस्ताक्षर न करना बताया गया। नरपतगंज के निर्वाची पदाधिकारी एवं फारबिसगंज के भूमि सुधार उप समाहर्ता अमित कुमार ने प्रेक्षक नेहा मारवा सिंह की मौजूदगी में सभी दस्तावेजों का परीक्षण किया। रद्द किए गए अभ्यर्थियों में मो. शाहजहां शाद, अजय कुमार झा, विनोद पासवान, शंकर भूषण यादव, शंभू शर्मा, मो. मुख्तार आलम, सेवी बहरदार, मो. अकबर, हारुण, राजानंद ऋषिदेव, अशोक राम और मो. मजीद शामिल हैं।

**फारबिसगंज में सभी 13 अभ्यर्थी पंजीकृत :**

फारबिसगंज विधानसभा में संवीक्षा के बाद सभी 13 नामांकन पत्र सही पाए गए। फारबिसगंज के उम्मीदवारों में भाजपा के विद्यासागर केशरी, राजद के मनोज विश्वास, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी से फातमा खातून, जन सुराज से मो. इकरामुल हक, राजेश कुमार गुप्ता, गिरानंद कुमार, सुभाषचंद्र अग्रवाल, सुभान अंसारी, प्रदीप प्रिय मेहता, आभा रानी, राजा रमण भास्कर, नाजिया इकबाल और मनोज सदा शामिल हैं। उम्मीदवार अब मतदान से पहले अपनी चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। इस लेख में सभी विवरणों को क्रमबद्ध और स्पष्ट तरीके से पेश किया गया है, ताकि

**नरपतगंज में 16 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में :** संवीक्षा के बाद नरपतगंज विधानसभा में कुल 16 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में बने हुए हैं। इनमें जितेंद्र यादव, अनंत कुमार राय, भाजपा के देवयंती यादव, अखिलेश कुमार, जन सुराज के जनार्दन यादव, बेचन राय, श्रवण कुमार दास, अनिल कुमार यादव, चंद्रेश कुमार, आलोक कुमार, असलम बैग, राजद के मनीष यादव, जोएब यादव, असलम बेग, पप्पू कुमार साह और ललित कुमार साह शामिल हैं। सभी अभ्यर्थी आगामी विधानसभा चुनाव में अपने-अपने क्षेत्र से जनता का समर्थन प्राप्त करने के लिए तैयार हैं।

पाठक को दोनों विधानसभा क्षेत्रों की संवीक्षा और चुनावी स्थिति का संपूर्ण मिल सके।

# भागलपुर में ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

**भागलपुर,** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर भागलपुर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने आज भागलपुर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उनके साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती श्वेता कुमारी भी मौजूद रहीं। निरीक्षण का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव-2025 के मद्देनजर ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा और कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करना था। डॉ. चौधरी ने वेयरहाउस में रखी सभी मशीनों, उनकी संख्या, बैटरी चार्जिंग और सुरक्षा बंदोबस्त की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मशीनों का नियमित परीक्षण किया जाए



ताकि चुनाव के समय कोई तकनीकी समस्या न आए। उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती श्वेता कुमारी ने कहा कि सभी ईवीएम और वीवीपैट सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संग्रहित हैं। वेयरहाउस में लगे CCTV और सुरक्षा व्यवस्था नियमित रूप से जांची जाती है। मशीनों की सूची और रखरखाव का रिकॉर्ड भी अपडेट रखा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आगामी मतदान के लिए सभी तैयारियों का जायजा लिया। डॉ. चौधरी ने कहा कि यह मासिक निरीक्षण जारी रहेगा ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की विघ्न न आए। उन्होंने अधिकारियों को सतत निगरानी रखने और किसी भी समस्या की तत्काल रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर चुनावी कर्मचारियों और तकनीकी स्टाफ ने भी निरीक्षण में सहयोग किया और सभी दस्तावेज एवं मशीनों की सूची की पुष्टि की।

# ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र में डिस्पैच स्थल का निरीक्षण : निर्वाचन पदाधिकारी ने तैयारियों का लिया जायजा

**किसनगंज :** 53-ठाकुरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी एवं सह-उप विकास आयुक्त, किशनगंज द्वारा डिस्पैच स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदान से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की और ईवीएम/वीवीपैट के सुचारु संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, स्टाफिंग और डिस्पैच प्रक्रिया की जांच की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि डिस्पैच स्थल पर सभी मशीनों और मतदान सामग्री का सुरक्षित भंडारण



हो। उन्होंने कर्मचारियों को मतदान सामग्री की सही तरीके से हैंडलिंग करने और समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, सुरक्षा बलों की उपस्थिति और स्थलों की निगरानी व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।

निर्वाचनी पदाधिकारी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक डिस्पैच स्थल पर तैयारियों को समय रहते पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों को ईवीएम/वीवीपैट की जांच, मशीनों की सही स्थिति और सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

अधिकारियों का यह निरीक्षण निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी तैयारियों की जिम्मेदारी और प्रशासन की तत्परता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सभी प्रक्रियाएँ निर्धारित समय पर पूरी की जाएँगी ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# छठ पर लौट रहे कामगारों को स्वास्थ्य विभाग की अपील : बुखार हो तो तुरंत कराएं डेंगू की जाँच

**फारबिसगंज/अररिया,** (हि.स.) लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर दूसरे प्रदेशों में काम करने वाले कामगारों का बड़ी संख्या में अपने गाँव वापस आना शुरू हो गया है। ऐसे में, जिला स्वास्थ्य विभाग ने इन कामगारों से वेक्टर जनित रोगों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने बाहर से आने वाले सभी कामगारों से बुखार की हालत में तुरंत डेंगू की जाँच कराने की अपील की है।

गुजरात, महाराष्ट्र से लौट रहे लोगों में अधिक जोखिम



डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि गुजरात, महाराष्ट्र सहित अन्य प्रदेशों में इन दिनों डेंगू का प्रकोप है। ऐसी स्थिति में, बाहर से आने वाले कामगारों में डेंगू संक्रमण की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि समय पर जाँच और इलाज से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है।

अस्पतालों में जाँच और इलाज की मुकम्मल व्यवस्था

स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू से निपटने के लिए जिले में पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि किसी भी स्थिति में मरीजों को असुविधा न होः

जाँच की उपलब्धताः जिले के सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल सहित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू की जाँच के लिए किट उपलब्ध करा दी गई है।

समर्पित वार्डः डेंगू से बचाव और इलाज के लिए सभी अस्पतालों में डेंगू वार्ड का भी निर्माण किया गया है।

प्लेटलेट्स की व्यवस्थाः डेंगू पीड़ित गंभीर मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। ऐसे मरीजों को मुफ्त एम्बुलेंस से पूर्णिया राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजकर प्लेटलेट्स चढ़ाया जाएगा।

इसके अलावा, जाँच में किसी व्यक्ति में डेंगू की शिनाख्त होने पर, स्वास्थ्य विभाग की टीम पीड़ित के गाँव और मुहल्ले में तत्काल फॉगिंग (Fogging) और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करेगी, ताकि बीमारी को फैलने से रोका जा सके।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने सभी कामगारों से अपील की है कि वे ज़रा भी लक्षण दिखने पर अपने नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निःशुल्क जाँच ज़रूर कराएँ।

# भागलपुर में काली पूजा की धूम, काली मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भागलपुर,** (हि.स.)। काली पूजा को लेकर भागलपुर के शहरी और ग्रामीण इलाकों में भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है। मंगलवार तड़के सुबह से ही श्रद्धालु मां काली के मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे। परबत्ती बुढ़िया काली, जंगली काली, इचाकचक बुढ़िया काली, मानिकपुर बुढ़िया काली मंदिर सहित शहर के विभिन्न काली मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और झालरों से सजाया गया है। भजन-कीर्तन और घंटा-घड़ियाल की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ



है। महिलाएं और बच्चे नए वस्त्र धारण कर मां काली के चरणों में दीप और पुष्प अर्पित करते नजर आए। शहर के प्रमुख पूजा समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

काली पूजा को लेकर भागलपुर में उल्लास और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। उदर नाथनगर के सुजापुर में आज काली माता का विसर्जन नम आंखों से किया गया। मान्यता है कि सुजापुर काली मंदिर में प्रतिमा का विसर्जन प्राण प्रतिष्ठा के तुरंत बाद किया जाता है। इसी परंपरा को निभाते हुए भक्तों ने माता की प्रतिमा को अपने कंधों पर उठाकर मंदिर परिसर से चंपा नदी तक शोभायात्रा निकाली और श्रद्धा भाव से मां काली का विसर्जन किया।

पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और सुजापुर काली विसर्जन देखने के लिए आसपास के इलाकों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल रहा और जय मां काली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

# कटिहार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**कटिहार,** (हि.स.)। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर कटिहार जिले में मतदाता जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देश पर भेरमारा, मोहनपुर और साहेबनगर पंचायत में विशेष रैलियां और बैठकें आयोजित की गईं।

कार्यक्रमों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपीएटी का सही उपयोग, नामांकन प्रक्रिया और मतदान के अधिकार व कर्तव्य के बारे में जानकारी दी गई। युवाओं



और महिलाओं को मतदान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। स्कूल और कॉलेजों में शिक्षण सत्र आयोजित कर छात्रों को लोकतंत्र में उनकी भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाया गया। नाट्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी लोगों में मतदान की महत्ता को रेखांकित किया गया। इन प्रयासों से कटिहार जिले में मतदाता जागरूकता और चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा मिला।

# कोढ़ा प्रखंड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला

**कटिहार,** (हि.स.)। कोढ़ा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में चर्चा-परिचर्चा, रैली, रंगोली प्रतियोगिता और शपथग्रहण समारोह प्रमुख रहे। पंचायतों में स्थानीय अधिकारियों और समाजसेवियों ने मतदाताओं को उनके अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूक किया। डिस्कशन और परिचर्चा कार्यक्रमों में जनता को मतदान के महत्व, समय पर वोट देने और ईवीएम/वीवीपीएटी का सही उपयोग समझाया गया। इसके साथ ही रैलियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं




और महिलाओं तक संदेश पहुँचाया गया। रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी इस उद्देश्य से किया गया कि कला और संस्कृति के माध्यम से मतदाता जागरूकता को रोचक रूप से प्रस्तुत किया जा सके। कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों ने शपथ ली कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में अवश्य मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान विभिन्न पंचायतों में स्थानीय प्रशासन, शिक्षक, महिला समूह और युवा संघ ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। कोढ़ा प्रखंड में आयोजित ये पहल न केवल मतदाता जागरूकता बढ़ाने में मददगार रही, बल्कि लोगों में लोकतंत्र के प्रति विश्वास और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत किया। इन गतिविधियों के माध्यम से सुनिश्चित किया गया कि सभी वर्गों के नागरिक आगामी चुनाव में सक्रीय और जागरूक रूप से भाग लें।

# पुलिस स्मृति दिवस पर बथनाहा एसएसबी मुख्यालय में कार्यक्रम

**अररिया,** (हि.स.)। जिले के बथनाहा स्थित एसएसबी 56 वीं बटालियन मुख्यालय में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसएसबी 56 वीं वाहिनी के कमांडेंट शाश्वत कुमार समेत एसएसबी के अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया और मुख्यालय स्थित शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर शहीद पुलिस जवानों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। मौके पर कमांडेंट सहित अधिकारियों एवं अन्य जवानों ने देश की सेवा करते हुए शहीद पुलिसकर्मियों को



भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा उनके बलिदान को याद करते हुए उनके सम्मान में सलामी शोक शस्त्र के साथ दो मिनट का मौन धारण किया। मौके पर बटालियन के कमांडेंट शाश्वत कुमार ने कहा कि वीर जवानों की शहादत हमेशा से प्रेरणादायक रही है देश की रक्षा में अपने जान की बाजी लगाने वाले शहादत देने वाले जवान मरते नहीं, बल्कि अमर होते हैं और उनकी बलिदानी को याद किया जाता है। कमांडेंट ने जवानों से शहीद जवानों के जीवनी से प्रेरणा लेकर देश सेवा और कर्तव्यपरायणता को लेकर प्रोत्साहित किया।

# मतदाता जागरूकता को लेकर हुई मेंहदी प्रतियोगिता



**भागलपुर,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव को लेकर 158 - नाथनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर प्रखंड के शाहजंगी में मंगलवार को नई उड़ान जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ के द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें करीब 35 जीविका दीदियों ने हिस्सा लेकर हाथों में मेंहदी लगाई। इसके माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। भागलपुर में 11 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर जीविका दीदियों द्वारा विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रही है।

# सुपौल में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति की तैयारी शुरू, 01 नवंबर से क्रय प्रक्रिया

## जिलाधिकारी सुपौल की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी सुपौल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता सुपौल, वरीय उप समाहर्ता अधिप्राप्ति, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रबंध निदेशक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, जिला कृषि पदाधिकारी एवं राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक सहित विभिन्न अधिकारियों ने भाग लिया।





**1. धान क्रय की दर और निर्देश** जिलाधिकारी, सुपौल ने सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर किसानों से धान क्रय करने का निर्देश दिया। सामान्य धान के लिए प्रति क्विंटल ₹2369/- और ग्रेड-1 धान के लिए ₹2389/- निर्धारित किया गया। इसके साथ ही, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से रैयत एवं गैर-रैयत किसानों से पारदर्शी तरीके से धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।

**2. समितियों का चयन और क्रय प्रक्रिया** : बैठक में जिला टास्क फोर्स द्वारा कुल 116 समितियों (पैक्स/व्यापारमंडल) के चयन की स्वीकृति दी गई। प्रत्येक चयनित पैक्स में एक-एक लॉट के माध्यम से धान अधिप्राप्ति करने का निर्णय लिया गया। इस प्रक्रिया से किसानों के हितों की रक्षा और क्रय में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।



**3. किसानों का निबंधन और कृषि कर्मियों की भूमिका** जिला कृषि पदाधिकारी को कृषि कर्मियों, किसान सलाहकार एवं कृषि समन्वयक के माध्यम से किसानों का निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। यह कदम अधिप्राप्ति प्रक्रिया को सुचारू बनाने और सभी पात्र किसानों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

**4. निगरानी एवं पर्यवेक्षण**
जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सतत निगरानी और पर्यवेक्षण के निर्देश दिए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि धान अधिप्राप्ति पूरी तरह से विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप और निष्पक्ष तरीके से की जाए। इस बैठक के निर्णयों के अनुरूप सुपौल जिले में 01 नवम्बर 2025 से खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया प्रारंभ होगी। किसानों को उनके धान का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ और निगरानी तंत्र तैयार किया है।

1. सामान्य धान के लिए 2369/- और ग्रेड-1 धान के लिए 2389/- प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया।
--------------------
2. कुल 116 समितियों (पैक्स/व्यापारमंडल) का चयन किया गया और प्रत्येक में एक-एक लॉट क्रय होगा।
--------------------
3. कृषि कर्मियों और किसान सलाहकारों के माध्यम से किसानों का निबंधन किया जाएगा।
--------------------
4. प्रशासन द्वारा पारदर्शी अधिप्राप्ति और सतत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

## जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में 49 अभ्यर्थियों के नामांकन पाए गए वैध,

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के तहत सुपौल जिले के पांच विधान सभा क्षेत्रों — निर्मली, पिपरा, सुपौल, त्रिवेणीगंज (अ.जा.) एवं छातापुर में संवीक्षा नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 20 अक्टूबर 2025 तक कुल 57 अभ्यर्थियों द्वारा नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किए गए थे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित संवीक्षा तिथि 21 अक्टूबर 2025 को नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत कुल 49 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। इस प्रकार पिपरा विधान सभा क्षेत्र के आठ नामांकन पत्र अस्वीकृत कर दिए गए। विधान सभावार स्थिति इस प्रकार रही — निर्मली से 8, पिपरा से 14, सुपौल से 9, त्रिवेणीगंज (अ.जा.) से 5 तथा छातापुर से 13 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। नाम वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। इसके बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की अंतिम सूची प्रारूप 7(क) में तैयार की जाएगी।

## ब्रह्माकुमारी सिमराही ओम शांति सेंटर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया बुराई पर अच्छाई की विजय का त्यौहार दीपावली

**न्यूज़ स्केल रघोपुर**

राघोपुर के सिमराही बाजार स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ओम शांति सेंटर पर दीपावली के अवसर पर भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बबीता दीदी, प्रधानाचार्य दिवाकर कुमार, अवध मेहता, राजेश जायसवाल, सौरभ कुमार, ब्रह्माकुमारी पूजा बहन, सुमन बहन और बिना बहन ने मां लक्ष्मी की चैतन्य झांकी की पूजा अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन से किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रेम कुमार की सुपुत्री दीपिका कुमारी के 13वें जन्मदिन के अवसर पर 40 बच्चों में कापी-पेन वितरित किए गए।



**दीपावली का आध्यात्मिक संदेश**
राजयोगिनी बबीता दीदी ने दीपावली को केवल घर की सफाई का पर्व नहीं बल्कि आत्मा की ज्योति जगाने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा कि मन में काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों के कारण आत्मा का प्रकाश कम हो गया है। बाहर का अंधकार मिटाने के लिए दीपक जलाए जा सकते हैं, लेकिन अंदर के अंधकार को दूर करने के लिए शुभ संकल्प और आत्मा की सफाई जरूरी है। दीदी ने आगे कहा कि दीपावली पुराने विवाद और मन के बोझ को दूर करके नए युग की शुरुआत का समय है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और समापन : प्रधानाचार्य दिवाकर कुमार ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान समाज में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को जागृत करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितों को प्रसाद वितरित कर किया गया। इस अवसर पर अवध मेहता, राजेश जायसवाल, सौरभ कुमार, ब्रह्माकुमारी सुमन बहन, पूजा बहन, बिना बहन, सावित्री देवी, शकुंतला देवी, पत्रकार प्रेम कुमार और सतनारायण ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएम और एसपी ने पिपरा विधानसभा क्षेत्र के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का लिया जायजा,

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

जिलाधिकारी सावन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शरथ आर एस ने सोमवार को पिपरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित अति संवेदनशील (Critical) मतदान केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में दोनों वरीय अधिकारियों ने संबंधित सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों से मतदान केंद्रों की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, संचार व्यवस्था तथा विधि-व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने



निदेश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएँ जैसे पेयजल, बिजली, शौचालय आदि उपलब्ध रहें। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की दृष्टि से गश्त एवं तैनाती की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया।
इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, पिपरा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंधकार पर प्रकाश का प्रतीक दीपावली हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

प्रखंड क्षेत्र में अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक दीपावली सोमवार को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन धन और समृद्धि की देवी महालक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। भगवान राम के चौदह वर्ष के वनवास बाद अयोध्या लौटने की खुशी में अयोध्यावासियों ने दीप जलाये थे। तभी से देश में दीपावली





दीपों के त्योहर के रुप में मनाई जाने लगी है। इस मौके पर प्रखंडवासी अपने अपने घरों की साफ सफाई रंग रौगन और आकर्षक रौशनी के लिए बिजली की रंग बिरंगी लाईटे लगाई। वहीं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में व्यवसायी वर्ग धन समृद्धि की देवी महालक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की। पूजनोपरांत युवा और बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की, जो देर रात तक चलता रहा। इस मौके पर लोग एक दुसरे को दीपावली की शुभकामनाएं भी दी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार एस एस बी जवानो सहित महिलापुलिसबल के साथ थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। सोमवार को उन्होंने सशस्त्रबल के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर शांतिसदभाव से पर्व मनाने का संदेश भी दिया।

## स्वीप के तहत स्वच्छताकर्मियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली







**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

प्रखंड मुख्यालय से मंगलवार को स्वच्छता पर्यवक्षकों के नेतृत्व में स्वच्छताकर्मियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली प्रखंड मुख्यालय से प्रारंभ होकर बाजार, अस्पताल चौक, बस स्टेंड आदि का भ्रमण कर लोगों को अगामी 11 नवम्बर को दुसरे चरण में होने वाले विधान सभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। रैली में शामिल स्वच्छताकर्मी पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगा रहे थे। रैली में सैकडों स्वच्छता कर्मी शामिल थे। इस क्रम में स्वच्छता पर्येवेक्षकों ने रैली के निकाले जाने के उद्देश्य की जानकारी लेने वाले इच्छूकों को मताधिकार के महत्व को बताते हुए उन्हें वोटिंग के लिए मतदान केंद्रो पर निर्भीक होकर जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों से कहा कि जिला प्रशासन भय मुक्त और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए कृत संकल्पित है। आप भयमुक्त हो मतदान केंद्रों पर पहूंच अपनी वोटिंग कर मतदान का प्रतिशत बढायें।

## माता श्री के नाम से प्रसिद्ध 105 वर्षीय राजकुमारी देवी का निधन, देखने को उमडी भीड

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

बाजार निवासी विपिन कुमार श्रीवास्तव की 105 वर्षीय मां राजकुमारी देवी का निधन सोमवार को हो गया। वे सामाजिकस्तर पर माताश्री के नाम से प्रसिद्ध थीं। सोमवार को दीपावली के प्रातः छह बजे उन्होने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर समाज में फैलते हीं माता श्री के दर्शनार्थ उनके निवास पर लोगों का तांता लग गया। हर के जवान से बस यही निकल रहा था कि इस युग में ऐसी सहनशील समाजसेवी और मिलनसार माता का होना अब दिवा





सपना होगा। इतनी उम्र के बावजूद वे हर किसी को याद कर उनका कुशलक्षेम पूछा करती थीं। हालांकि माताश्री पिछले तीन माह से जिंदगी और मौत के साथ लड रही थीं। उनके एकल पुत्र विपिन अपनी मां की सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोडी। माताश्री भी बेटे को कभी बोल कर तो कभी इशारों से कहती थीं कि अब मेरे जाने का समय आ गया है। भगवान जल्दी मुझे उठा लें। आखिरकार भगवान ने अपने शरण में लेने का समय दीपों की माला दीपावली का चयन कर उन्हें मोक्षगति दे दी।स्वः माताश्री अपने पीछे तीन बेटी एक लडका सहित पोता पोती नाती नतिनी का भरापूरा संसार छोड गई हैं। मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। उनका अंतिमसंस्कार मुक्तिधाम परिसर में विधि विधान से कर उनके पुत्र विपिन ने मुखाग्नि दे उन्हें पंचतत्व में विलिन किया। उनके अंतिम संस्कार में परिवार सहित पूर्व विधायक लखन ठाकुर, ई. मोतीलाल, जदयू अतिपिछडा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष किशन मंडल, जिप निधि नयन, अवधैश झा, चिंतानन्द मडंल, राम नारायण ठडिया, लक्ष्मी ठडिया, वीजेंद्र लाल दास, सरोज महतों, चुलबूल सिन्हा, नरेन्द्र गोईत, बौआ नांग, डा. मंटू कुमार, मुखिया प्रताप विराजी, अनिल कुमार टीपू, अनिल वर्मा, ललित भगत, दिलीप मंडल डा. ललित सहित सैकडों लोग शामिल थे।

## बीडीओ ने दिया नारा 'पहले मतदान, फिर जलपान'

**न्यूज़ स्केल रघोपुर**

प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान शपथ ग्रहण समारोह के साथ एक रैली का आयोजन किया गया।जिसका उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना हैं।कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड टीसीपी भवन में उपस्थित लोगों को शपथ दिलाने के साथ हुई। इसके उपरांत एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सत्येन्द्र कुमार यादव ने किया। रैली के दौरान 'जागो मतदाता, जागो' और 'पहले मतदान,





फिर जलपान' जैसे नारे गूंजते रहे।इस अभियान में प्रखंड की 16 पंचायतों के स्वच्छताकर्मी, एलएसबीए के सदस्य और मुख्यालय के सभी कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली प्रखंड परिसर से शुरू होकर एनएच 106, राघोपुर थाना होते हुए एनएच 27, सिमराही बाजार और मुख्य चौक से होते हुए वापस प्रखंड परिसर लौट समाप्त हुई।इस अवसर पर बीडीओ सत्येन्द्र कुमार यादव ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक वोट देश के भविष्य का निर्धारण करता है।इसलिए हर नागरिक को अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# चुनाव को लेकर सामान्य एवं पुलिस के साथ बैठक में निर्वाचन की तैयारियों की हुई समीक्षा

**बेतिया,** (हि.स.)।

» **बेतिया में विधानसभा चुनाव को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न।**

» **डीएम धर्मेन्द्र कुमार ने प्रेक्षकों की उपस्थिति में तैयारियों की समीक्षा की।**

» **बूथ, प्रशिक्षण, वीवीपैट और सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई।**

» **प्रेक्षकों ने जिला प्रशासन की तैयारियों पर जताई संतुष्टि।**

» **अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों में लापरवाही न बरतने की दी सख्त हिदायत।**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनज़र मंगलवार को बेतिया समाहरणालय सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण धर्मेन्द्र कुमार ने की। बैठक में जिले के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के साथ-साथ निर्वाचन कार्यों से जुड़े सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी और सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रेक्षकों ने जताई संतुष्टि, दिए दिशा-निर्देश :** बैठक के दौरान सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों ने जिला प्रशासन की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया और निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने की दिशा में उठाए गए कदमों की सराहना की। उन्होंने संबंधित कोषांगों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदाताओं की सुविधा, सुरक्षा और जागरूकता से जुड़े सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**अधिकारियों को मिली सख्त हिदायत :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखें और आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक अधिकारी को अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करना होगा।

**बैठक का उद्देश्य निर्वाचन तैयारियों की समग्र समीक्षा** करना और प्रेक्षकों के सुझावों के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाना था।

प्रेक्षकों का स्वागत और परिचय सत्र आयोजित बैठक की शुरुआत जिले के पदाधिकारियों द्वारा सभी प्रेक्षकों को ट्री पॉट देकर स्वागत से हुई। इसके उपरांत सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों का परिचय जिलास्तर के वरीय पदाधिकारियों से कराया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैयारियाँ चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चल रही हैं।

**डीएम ने प्रस्तुत किया विस्तृत प्रेजेंटेशन** ' जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले में अब तक की गई चुनावी तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने बूथ प्रबंधन, मानव संसाधन, सामग्री प्रबंधन, प्रशिक्षण व्यवस्था, मतदान केंद्रों की सुविधाएँ, वाहनों की उपलब्धता, वीवीपैट और ईवीएम की स्थिति, स्वीप गतिविधियों तथा कानून-व्यवस्था की तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रेक्षकों के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

## मोतिहारी के राजद प्रत्याशी के आवास पर छापेमारी, हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। पुलिस ने मोतिहारी विधानसभा से राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता के आवास पर छापेमारी की है।

बताया जा रहा है कि उक्त छापेमारी शहर के ज्ञान बाबू चौक पर 29 जुलाई को हुई भाजपा नेता राजन कुमार हत्याकांड में मामल में की है। इस दौरान पुलिस ने राजन हत्याकांड मामले के आरोपित सुबोध यादव को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि बीते 29 जुलाई को मोतिहारी शहर के ज्ञान बाबू चौक पर भाजपा नेता राजन की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में राजन के भाई ने प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसकी जांच के दौरान पुलिस के समक्ष छह अन्य नाम भी सामने आए थे। उनमें चिरैया थानाक्षेत्र के महद्दीपुर गांव निवासी सुबोध यादव का भी नाम शामिल है। सुबोध पर पहले से भी चिरैया थाने में दो मामले दर्ज हैं।पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि सुबोध राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता के आवास पर है, जिसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## नालंदा जिले के इस्लामपुर में अवैध मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन, एक आरोपी गिरफ्तार

**नालंदा,** (हि.स.)। बिहार में नालंदा जिले के विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। इसी क्रम में इसलामपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना केआधार पर सुढ़ी गांव में छापेमारी कर एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है।पुलिस ने मौके से पांच देसी कट्टा , दो मोबाइल फोन और हथियार बनाने में प्रयुक्त बड़ी मात्रा में उपकरण बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने मौके पर से मुख्य आरोपी रमण विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया है।



डीएसपी (हि लसा -2 एवंइसलामपुर) कुमार ऋषि राज ने बताया किआरोपी रमण विश्वकर्मा अपने घर के साथ लगे लोहे के गेट और खिड़की बनाने वाले कारखाने में गुप्त रूप से हथियार बनाने का काम करता था ।

गुप्त सूचना के आधार पर इसलामपुर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय के नेतृत्व में एसटी एफ, डी आईयू टी म और सी एपी एफ बल के सहयोग से संयुक्त छापेमारी की गई।

पुलिस ने फैक्ट्री से हथियार निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरण, पाइप, ट्रिगर पार्ट्स, बैरल और लोहे के टुकड़े भी जब्त किया है।

डीएसपी ने बताया कि चुनावी माहौल को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और अवैध गतिविधियों में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा ।

छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, पुनि आलोक कुमार, रामानुज सिंह,मो तौकिर खान, अरुण कुमार राय सहित अन्य पुलिस कर्मी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

## बिहार के सुगौली में महागठबंधन के उम्मीदवार समेत पांच के नामांकन हुए रद्द

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली विधानसभा क्षेत्र में नामांकन समीक्षा के दौरान बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। मंगलवार को स्क्रुटनी के दौरान कागजातो में गड़बड़ी पाए जाने पर वीआईपी उम्मीदवार व निवर्तमान राजद विधायक शशिभूषण सिंह समेत पांच का नामांकन रद्द कर दिया गया है।



साल 2020 मे सुगौली के विधायक रहे शशि भूषण सिंह का नामांकन रद्द होने के बाद सुगौली के राजनीतिक समीकरण में बड़ा उल्टफेर होने की संभावना प्रबल हो गई है। सदर एसडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी श्वेता भारती ने बताया कि संवीक्षा के दौरान 05 अभ्यर्थियों के नामांकन अवैध पाये गये जिनमे शशिभूषण सिंह विकासशील इंसान पार्टी (10 प्रस्तावक के स्थान पर 01),निर्दलीय कृष्ण मोहन झा(प्रस्तावक, अपूर्ण शपथ पत्र),ओम प्रकाश चौधरी निर्दलीय (अपूर्ण शपथ पत्र),सदरे आलम (नामांकन पत्र में प्रस्तावक का हस्ताक्षर नहीं, अपूर्ण शपथ-पत्र),गयासुद्दीन सामानी,आम आदमी पार्टी (अपूर्ण शपथ-पत्र) के कारण नामांकन रद्द कर दिया गया।इन पांच उम्मीदवारो का नामांकन रद्द होने के बाद सुगौली के मैदान में महज पांच उम्मीदवार होगे, जिनमे श्याम किशोर चौधरी,जनशक्ति जनता दल राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास),जुल्फिकार आफताब बहुजन समाज पार्टी अजय कुमार झा जन सुराज पार्टी,जितेन्द्र तिवारी किसान सुराज दल शामिल है।

## विधानसभा चुनावी की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक, उम्मीदवार के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**गोपालगंज,** (हि.स.)।

**निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर जोर।**

**मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी।**



आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से निर्वाचन तैयारियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को 99 बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि उप समाहर्ता रंजना भारती की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और पर्यवेक्षक मौजूद थे। इस अवसर पर राजद प्रत्याशी प्रेम शंकर यादव के चुनाव अभिकर्ता पिंटू पांडेय ने विशेष भाग लिया। उन्होंने निर्वाचन पदाधिकारी और पर्यवेक्षकों से चुनावी प्रक्रिया की बारीकियों पर गहन चर्चा की और कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाएगा। निर्वाची पदाधिकारी रंजना भारती ने सभी प्रतिनिधियों को आचार संहिता के पालन और मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का उल्लंघन होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं की समीक्षा की, जिसमें मतदाता सूची, ईवीएम और वीवीपैट की जांच, कर्मियों का प्रशिक्षण, केंद्रों की भौतिक स्थिति, विद्युत व्यवस्था, पीने का पानी और शौचालय जैसी सुविधाओं का नियमित निरीक्षण शामिल था। पर्यवेक्षक ने सभी राजनीतिक दलों और अभिकर्ताओं से सहयोगात्मक रवैया अपनाने का आग्रह किया, ताकि किसी भी तरह की शिकायत या विवाद न उत्पन्न हो। बैठक के अंत में निर्वाची पदाधिकारी ने अभिकर्ताओं से अपील की कि वे मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित करें और अफवाह या भ्रामक जानकारी फैलाने से बचें।

## बेतिया में प्रेक्षकों ने विभिन्न निर्वाचन कोषांगों का किया निरीक्षण

**बेतिया,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर मंगलवार को चनपटिया, लौरिया और नौतन विधानसभा क्षेत्रों के सामान्य प्रेक्षक संजय कातकर, कैलाश वानखेड़े और भरणी कुमार ने मीडिया, एमसीएमसी तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग कोषांग का निरीक्षण किया। उन्होंने संचिकाओं, रजिस्टरों और रिपोर्टों का गहन अवलोकन किया और मॉनिटरिंग कर्मियों से फीडबैक प्राप्त किया। प्रेक्षकों ने पेड न्यूज, भ्रामक प्रचार और सोशल मीडिया के अनुचित प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए तकनीकी संसाधनों को सुदृढ़ करने पर बल दिया।



**एकल खिड़की कोषांग का निरीक्षण :** प्रेक्षकों ने एकल खिड़की कोषांग का निरीक्षण भी किया। उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के प्रचार-प्रसार अनुमतियों के लिए आवेदन प्रक्रिया की समीक्षा की गई। उन्होंने सिंगल विंडो सिस्टम की पारदर्शिता, समयबद्धता और जनसुविधा के दृष्टिकोण से सराहना की।

**पारदर्शिता और दक्षता पर जोर प्रेक्षकों ने कहा कि निर्वाचन** प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता और दक्षता बनाए रखना सर्वोपरि है। एकल खिड़की प्रणाली इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सभी अनुमतियाँ एक ही स्थान पर त्वरित रूप से दी जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, डीआरडीए निदेशक अरुण प्रकाश और नोडल अधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**टीवी सेट और प्लेटफॉर्म मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने टीवी सेटों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया, ताकि राष्ट्रीय और क्षेत्रीय चैनलों की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की सतत निगरानी को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर तुरंत कार्रवाई हो।

## पटाखे की चिंगारी से घर जला, लाखों का नुकसान

**नवादा,** (हि.स.)। जिले में सिरदला प्रखंड क्षेत्र के परनाडाबर थाना अंतर्गत साढ़ गांव के गढ़पर मुहल्ले में मंगलवार को दोपहर करीब 2 बजे पटाखे की चिंगारी से एक गरीब परिवार का घर जलकर राख हो गया।



दीपावली के त्योहारी माहौल के बीच अचानक लगी आग से पूरे मुहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घर के मालिक कैलाश मिस्त्री ने बताया कि आग कैसे लगी, यह किसी को पता नहीं चल सका, लेकिन आसपास पटाखे फूट रहे थे। उस समय घर की महिलाएं खेत की ओर गई हुई थीं और घर में कोई मौजूद नहीं था। अचानक धुआं उठता देखकर पड़ोसियों ने शोर मचाया, तब जाकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश की।

स्थानीय ग्रामीण कुमार राज ने बताया कि गढ़पर मुहल्ले तक अग्निशमन वाहन के पहुंचने का रास्ता नहीं है, जिससे समय पर दमकल विभाग को सूचना नहीं दी जा सकी। ग्रामीणों ने बाल्टी और मोटर पंप की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से घर में रखे कपड़े, बर्तन, फर्नीचर, अनाज, नगद राशि सहित लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। इस हादसे के बाद कैलाश मिस्त्री और उनका परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और गांव तक अग्निशमन वाहन पहुंचने के लिए सड़क मार्ग दुरुस्त कराने की मांग की है। घटना की सूचना पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रशासन से त्वरित सहायता की मांग की।

## मतदाता जागरूकता का अनोखा संगम : स्वीप कोषांग की पहल से प्रखंडों में गूंजा 'वोट हमारा अधिकार है

**समस्तीपुर,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर समस्तीपुर में मतदाता जागरूकता की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री रोशन कुशवाहा के निर्देशानुसार, जिला स्वीप कोषांग के तत्वावधान में पूरे जिले के विभिन्न प्रखंडों में रंगारंग और जनसहभागिता पर आधारित अभियान चलाया जा रहा है।



इस अभियान का उद्देश्य मतदाताओं को अपने मताधिकार का महत्व समझाना और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है। अभियान के प्रमुख आकर्षणों में से एक है वाल पेंटिंग। स्वीप टीम द्वारा स्थानीय कलाकारों की मदद से विद्यालयों, पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर सुंदर पेंटिंग बनाई जा रही हैं। इनमें "कोई मतदाता न छूटे", "मतदान लोकतंत्र की ताकत है" और "आपका वोट, आपका अधिकार" जैसे प्रेरक संदेश आकर्षक चित्रों के माध्यम से उकेरे गए हैं। ये रंगीन संदेश ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

**नुक्कड़ नाटक और कला मंडली से संवाद:** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर स्वीप कोषांग ने नुक्कड़ नाटक और कला मंडलियों की टीमों को जन-जागरूकता के लिए मैदान में उतारा है। ये टीमें विभिन्न चौक-चौराहों, बाजारों और गाँवों में जाकर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दे रही हैं। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदान न करने के नुकसान, ईवीएम की पारदर्शिता और सही उम्मीदवार चुनने का महत्व सरल और मनोरंजक शैली में बताया जा रहा है। लोकगीतों और नृत्य के माध्यम से कलाकार 'वोट हमारा अधिकार है' का संदेश देते हुए ग्रामीणों में उत्साह और सहभागिता का माहौल बना रहे हैं। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि हमारा लक्ष्य केवल मतदान प्रतिशत बढ़ाना नहीं, बल्कि जागरूक, नैतिक और समावेशी मतदान को बढ़ावा देना है। पारंपरिक कला रूपों के माध्यम से हम जनता के दिलों तक सीधे पहुँच बना रहे हैं।" यह व्यापक अभियान इस बात का प्रतीक है कि समस्तीपुर प्रशासन लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः समर्पित है। उन्होंने संभावना जताई कि यह रंगारंग पहल आगामी चुनाव में रिकॉर्ड मतदान का नया अध्याय लिखेगी।

# दरबार साहिब में बंदी छोड़ दिवस तो दुर्गियाणा मंदिर में दीपावली की धूम, उमड़े श्रद्धालु



**चंडीगढ़,** (हि.स.)। अमास्या तिथि के उदय को लेकर चल रहे संश्य के बीच अमृतसर स्थित हरिमंदिर साहिब में मंगलवार को बंदी छोड़ दिवस का आयोजन किया जा रहा है। पंजाब में कई स्थानों पर दीपावली का पर्व सोमवार को मनाया जा चुका है जबकि कई जिलों में बंदी छोड़ दिवस तथा दीपावली एक ही दिन मनाए जाने की परंपरा के चलते मंगलवार को आयोजन किया जा रहा है।

दरबार साहिब में आज सुबह से देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आज यहां सामान्य दिनों के मुकाबले डेढ़ से दो लाख संगत के आने की संभावना जताई जा रही है। स्वर्ण मंदिर में आज शाम एक लाख घी के दीपक जलाए जाएंगे और रंग-बिरंगी आतिशबाजी के साथ रोशनी की जगमगाहट होगी। वहीं, दुर्गियाणा मंदिर में श्रद्धालु भगवान श्रीराम के 14 वर्षों बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दिवाली पर्व मनाएंगे। इस दौरान 3 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

श्री हरिमंदिर साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी रघुबीर सिंह ने बताया कि बंदी छोड़ दिवस रोशनी के साथ-साथ आजादी और न्याय का प्रतीक है। गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने ग्वालियर किले में कैद 52 राजाओं को मुक्त कराया और अमृतसर लौटे थे। उनकी वापसी पर संगतों ने घी के दीपक जलाकर, दीयों की मालाएं सजाकर दीपमाला और आतिशबाजी के साथ खुशियां मनाई थी। तब से यह दिन हर साल बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाया जाता है।

ज्ञानी रघुबीर सिंह ने कहा कि बंदी छोड़ वही है, जो दूसरों को भी मुक्त करे। यह दिन आत्मिक आजादी, मानव अधिकारों की जीत और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक है। हर साल की तरह इस बार भी श्री हरिमंदिर साहिब दीपों से जगमगाएगा और दुनिया भर में बसे सिख संगत इस दिन को गुरु हरगोबिंद साहिब जी की याद में आजादी की मिसाल के रूप में मनाएंगे।

## उपराष्ट्रपति से मिले पीयूष गोयल, अपने मंत्रालय के कामकाज की जानकारी दी



**नई दिल्ली,** (हि.स.) केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मंगलवार को नव निर्वाचित उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मिले।उन्होंने अपने विभागों के काम-काज और मुख्य पहलों की जानकारी दी।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर बताया कि उप-राष्ट्रपति राधाकृष्णन से आज उनके आवास पर मुलाकात हुई। उनसे भेंट करके प्रसन्नता हुई। इस मुलाकात के दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की प्रमुख पहलों और गतिविधियों के बारे में उन्हें जानकारी दी और उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## मुहूर्त ट्रेडिंग में शेयर बाजार को मामूली बढ़त, मुनाफावसूली के दबाव में आए सेंसेक्स और निफ्टी




**नई दिल्ली,** (हि.स.) दिवाली के अवसर पर आज हुई मुहूर्त ट्रेडिंग में घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें साल मजबूती के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही, लेकिन कुछ समय बाद मुनाफा वसूली के चलते सूचकांक थोड़ी देर के लिए लाल निशान में आ गए। अंत में खरीदारों की सक्रियता ने बाजार को बढ़त के साथ समाप्त कराया। सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत और निफ्टी 0.10 प्रतिशत मजबूत होकर बंद हुए। आज अधिकांश सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। मेटल, मीडिया, पावर, टेलीकॉम और हेल्थकेयर सेक्टर में लगातार खरीदारी रही। आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूत रहे। बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में मामूली गिरावट दर्ज हुई। ब्रॉडर मार्केट में भी खरीदारी बनी रही, बीएसई मिडकैप 0.23 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर बंद हुआ। एनएसई में 2,740 शेयरों में ट्रेडिंग हुई, जिनमें 2,127 शेयर हरे निशान में और 613 लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 बढ़त के साथ और 13 गिरावट के साथ बंद हुए। टॉप गेनर्स में सिप्ला, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, इंफोसिस और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल रहे, जबकि टॉप लूजर्स में कोटक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी, आईसीआईसीआई बैंक, मैक्स हेल्थकेयर और एशियन पेंट्स रहे।

## डीआरआई ने न्हावा शेवा बंदरगाह पर 4.82 करोड़ रुपये मूल्य के चीनी पटाखे किए जब्त



**नई दिल्ली,** (हि.स.) राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने न्हावा शेवा बंदरगाह पर चीन से आयात हो रही एक खेप में छिपाकर लाए गए पटाखों को पकड़कर जब्त कर लिया है। जांच में पाया गया कि 40 फुट के कंटेनर में सामान 'लेगिंग्स' बताकर रखा गया था, लेकिन कपड़ों की ऊपरी परत के पीछे कुल 46,640 पटाखे छिपाए गए थे जिनका आकलित मूल्य 4.82 करोड़ रुपये है। वित्त मंत्रालय के अनुसार यह कार्रवाई "ऑपरेशन फायर ट्रेल" के अंतर्गत की गई, जिसके दौरान तस्करी के परिष्कृत नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ। बाद की तलाशी में तस्करी से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य मिले, जिनके आधार पर एक मुख्य शख्स को गुजरात के वलसाड/वेरावल इलाके से गिरफ्तार किया गया है। विदेश व्यापार नीति के तहत पटाखों का आयात 'प्रतिबंधित' है और इसके लिए डीजीएफटी व पीईएसओ से वैध लाइसेंस होनाजरूरी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि ऐसे खतरनाक माल का अवैध प्रवेश सार्वजनिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और बंदरगाह अवसंरचना के लिए गंभीर खतरा है। डीआरआई ने बताया कि वह संगठित तस्करी नेटवर्कों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त करने और देश के व्यापार तथा सुरक्षा ढांचे की अखंडता बनाए रखने के अपने लक्ष्य पर कायम है।

## हल्दी वाला दूध : सही तरीके से बनाने पर शरीर को मिलते हैं असंख्य फायदे, 99% लोग कर देते हैं ये बड़ी गलती



सर्दियों में हल्दी वाला दूध स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, सूजन घटाता है और सर्दी-जुकाम में राहत देता है। हालांकि ज्यादातर लोग इसे बनाने में एक आम गलती कर बैठते हैं, जिससे इसका पूरा लाभ नहीं मिलता। एम्स और हार्वर्ड प्रशिक्षित गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉक्टर सौरभ सेठी के अनुसार, हल्दी वाला दूध बनाने के लिए 1 कप दूध लें। गाय या भैंस का दूध होने पर इसे उबालें, जबकि बादाम या सोया मिल्क हल्का गर्म करना पर्याप्त है। इसके बाद आधा टी स्पून पिसी हल्दी डालें। सबसे महत्वपूर्ण है एक पिंच काली मिर्च मिलाना, क्योंकि यह हल्दी के पोषक तत्वों को शरीर में तेजी से अवशोषित करता है। इसके अलावा * टी स्पून दालचीनी पाउडर और स्वाद अनुसार शहद डाल सकते हैं। हल्दी वाला दूध पीने से ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है, सूजन कम होती है और इम्यूनिटी बढ़ती है। यह पेय सर्दियों में वात, पित्त और कफ का संतुलन बनाए रखता है। डॉक्टर सेठी की सलाह है कि इसे रात को सोने से पहले पीना सबसे फायदेमंद होता है। सही तरीके से बनाया हल्दी वाला दूध शरीर को गर्म रखता है और स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक औषधि का काम करता है।

## दीपावली पर स्वामी रामदेव से जानें : हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर बीपी, शुगर और हार्ट की बीमारियों से बचें



दीपावली सिर्फ रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि अपने जीवन में स्वास्थ्य और ऊर्जा का संचार करने का समय भी है। स्वामी रामदेव के अनुसार हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर हम बीपी, शुगर, हार्ट और अन्य खतरनाक बीमारियों से बच सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले सही रूटीन बनाना जरूरी है। सुबह वर्कआउट और योग से शरीर को सक्रिय करें, पसीना बहाएं और मेटाबोलिज्म तेज करें। प्राणायाम और मेडिटेशन से दिमाग शांत होता है, तनाव कम होता है और शरीर में पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है। लाइफस्टाइल में सुधार के लिए सही डाइट का भी ध्यान रखें। मैदा, चीनी और नमक कम करें, बाहर का खाना, पैक्ड फूड और जंक फूड न लें। रोजाना 8 घंटे की नींद लें और तनाव से दूर रहें। नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन और पर्याप्त नींद से वजन नियंत्रित रहता है, जिससे मोटापा और उससे जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। प्राणायाम से फेफड़े मजबूत होते हैं और हार्ट, लंग्स और इम्यून सिस्टम दुरुस्त रहता है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वाले लोग बीपी, शुगर, हाई कोलेस्ट्रॉल, आर्थराइटिस और ओबेसिटी जैसी बीमारियों से दूर रहते हैं। देश में खराब लाइफस्टाइल के कारण करोड़ों लोग इन रोगों से ग्रस्त हैं। इसलिए दीपावली पर सिर्फ रोशनी ही नहीं, बल्कि अपने जीवन में हेल्दी आदतों की ज्योति भी जलाएं। स्वस्थ शरीर के साथ खुशियों और समृद्धि का अनुभव हर दिन संभव हो सकता है।

# राशिफल : 22 अक्टूबर, 2025




मेष - कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8




मिथुन - व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7




सिंह - नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8




तुला - लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्घि होगी। शुभांक-5-7-8




धनु - यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8




कुम्भ - आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6




वृष - आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी इ्क्षचता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5




कर्क - अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8




कन्या- आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9




वृश्चिक - शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7




मकर - मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8




मीन - बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

# पंचांग : 22 अक्टूबर, 2025

22 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य तुला में
चंद्र तुला में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु कर्क में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
तुला 05.39 बजे से
वृश्चिक 07.58 बजे से
धनु 10.14 बजे से
मकर 12.19 बजे से
कुंभ 14.05 बजे से
मीन 15.38 बजे से
मेष 17.09 बजे से
वृष 18.49 बजे से
मिथुन 20.47 बजे से
कर्क 23.00 बजे से
सिंह 01.17 बजे से
कन्या 03.29 बजे से

बुधवार 2025 वर्ष का 295वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक पक्ष शुक्ल
तिथि प्रतिपदा 20.17 बजे को समाप्त।
नक्षत्र स्वाती 01.52 बजे रात्र को समाप्त। योग प्रीति 04.06 बजे रात्र को समाप्त। करण किस्तुघ्न 07.05 बजे तदनन्तर बव 20.17 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 0.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 110 04'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872505
जूलियन दिन 2460970.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123

वीरनिर्वाण संवत् 2552

हिजरी सन् 1447

महीना रबी उस्सानी तारीख 29

विशेष गोवर्धन पूजा, अन्नकूट, बलि प्रतिपदा, द्युता क्रीडा।

# प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में छलकीं खुशियां, चहुंओर दीपोत्सव, आतिशबाजी से बिखरी सतरंगी छटा



**वाराणसी,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र और उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में दीपावली की शाम श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। सोमवार को वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच घरों और दुकानों में विधि-विधान से भगवान गणेश और महालक्ष्मी की आराधना की गई। शाम से ही युवाओं और बच्चों ने आतिशबाजी कर पर्व की धूम बढ़ा दी। शहर में तिमिर पर छा रही रोशनी, दीयों की लौ और झिलमिलाती लाइटों ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया मानो अंधकार को धरती पर रहने का अवसर ही न मिले। दिनभर बच्चे और युवा अपने परिवारों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करते नजर आए। सुबह से ही जनपद में उत्साह का माहौल था। लोग अपने मकान और दुकानों की सफाई कर लक्ष्मी गणेश पूजन की तैयारी में लगे रहे। ठेले वालों ने अशोक के पत्ते, फूल और माला की अस्थायी दुकानें सजाई। घरों और दुकानों पर फूलों और पत्तियों से सजावट की गई, जबकि शाम को महिलाएं और बच्चे रंगोली और अल्पना बनाकर दीयों से घर सजाते रहे। शुभ अभिजीत मुहूर्त में विधिपूर्वक पूजन सम्पन्न हुआ। दुकानों और प्रतिष्ठानों में भी कर्मकांडी ब्राह्मणों के साथ विशेष पूजन किया गया। नई तिजोरी का पूजन कर ग्राहकों और परिचितों में मिठाइयां वितरित की गईं। इसके अलावा, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में भी वरिष्ठ प्रोफेसरों और कर्मचारियों ने विधि विधान के साथ लक्ष्मी गणेश पूजन किया। शहर और घरों में रोशनी का दृश्य अत्यंत आकर्षक था, लोग परिजनों और मित्रों के साथ सेल्फी भी लेते रहे। दीपावली के अवसर पर बीएचयू के सिंह द्वार, महामना मदन मोहन मालवीय की आदमकद प्रतिमा, गंगा घाट, रामनगर का ऐतिहासिक दुर्ग और मंदिरों को रंगीन विद्युत झालरों से सजाया गया। लोग एक-दूसरे को बधाई देने में भी पीछे नहीं रहे और एसएमएस, मोबाइल, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, एक्स आदि माध्यमों से शुभकामनाएं साझा कीं। पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए। जिला और पुलिस प्रशासन ने बाजारों में भारी भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता अपनाई। पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान लगातार गश्त करते रहे। दीपावली पर फूलों की भी काफी खपत हुई, जिसमें सबसे ज्यादा गेंदा, गुलाब, चम्पा, कमल और रातरानी के फूल बिके। घरों और प्रतिष्ठानों में गेंदा की माला प्रति दर 30 रुपये में खरीदी गई। पर्व के अवसर पर परंपरा अनुसार जुआ और कौड़ियों का खेल भी कई जगहों पर जारी रहा।

# कोलकाता में ममता बनर्जी ने आज़ाद हिंद सरकार की वर्षगांठ पर नेताजी को दी श्रद्धांजलि, काली पूजा में बंगाल की बेहतरी की कामना

**मुख्यमंत्री ने उपवास रखकर स्वयं प्रसाद तैयार कर पूजा की और बंगाल व देशवासियों की भलाई की प्रार्थना की**



**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज़ाद हिंद सरकार की स्थापना दिवस पर महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस और उनकी आज़ाद हिंद फ़ौज (आई.एन.ए.) के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि नेताजी के नेतृत्व में स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले वीर सिपाहियों को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा, "आज आज़ाद हिंद सरकार की स्थापना दिवस है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस के नेतृत्व में भारत की आजादी के लिए वीरता से लड़ने वाले भारतीय राष्ट्रीय सेना के सैनिकों को मेरा नमन।" मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कोई राजनीतिक टिप्पणी नहीं की, लेकिन इसके कुछ घंटे बाद किए गए एक अन्य पोस्ट में उन्होंने अपने आवास पर काली पूजा का ज़िक्र करते हुए भावनात्मक संदेश साझा किया। ममता बनर्जी ने कहा

**शांति, स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना**

कि मां काली में उनकी आस्था उन्हें हमेशा कठिन समय में साहस और करुणा देती रही है। उन्होंने लिखा कि आस्था उनके लिए हमेशा एक शांत शक्ति का स्रोत रही है — संदेह के क्षणों में साहस देने वाली और कठिनाइयों में करुणा का मार्ग दिखाने वाली। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी उन्होंने अपने आवास पर मां काली की पूजा पूरे श्रद्धा भाव से की और उपवास रखा। स्वयं प्रसाद (भोग) तैयार कर उन्होंने मां से बंगाल के लोगों और पूरे देश के लिए शांति, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा, "हर वर्ष की तरह इस बार भी मैंने उपवास रखकर मां काली की पूजा की। उनके चरणों में झुककर मैंने प्रार्थना की कि बंगाल और पूरे देश के लोगों के जीवन में शांति, स्वास्थ्य और खुशहाली बनी रहे। सभी शुभचिंतकों के स्नेह और शुभकामनाओं के लिए मैं आभारी हूं। मां काली का अनंत प्रकाश हर जीवन को शक्ति, एकता और आशा से भर दे।"

# जैसलमेर बस अग्निकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हुई, एक और महिला ने तोड़ा दम



**जोधपुर,** (हि.स.)। जैसलमेर बस अग्निकांड में मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार देर रात एक अन्य महिला ने जिंदगी की जंग हार दी। अब तक इस दर्दनाक हादसे में 25 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दो मरीजों की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। पुलिस के अनुसार 14 अक्टूबर को हुए इस भीषण हादसे में इमामत (30) 85 प्रतिशत तक झुलस गई थीं। उन्हें जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां बीती रात दम तोड़ दिया। इमामत के दो बेटों इरफान और यूनुस तथा बेटी हसीना की इस हादसे में पहले ही मौत हो चुकी है। उनके पति पीर मोहम्मद भी गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिनका इलाज फिलहाल अहमदाबाद में चल रहा है। बताया जा रहा है कि बस में आग लगने के बाद पीर मोहम्मद ने यात्रियों को बचाने के लिए कांच तोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। महात्मा गांधी हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. फतेह सिंह ने बताया कि इस समय दो मरीज वेंटिलेटर पर हैं, जबकि छह घायलों का इलाज स्पेशल टीम की निगरानी में किया जा रहा है।

# वायु सेना का एयर शो पांच नवंबर को रायपुर में, आसमान में दिखेगा 'सूर्यकिरण' का जलवा



**रायपुर,** (हि.स.)। छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर पांच नवंबर की सुबह राजधानी का आसमान रोमांच से भर जाएगा। भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध 'सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम' पहली बार सेंध तालाब के ऊपर भव्य एयर शो करेगी। इस शो में नौ फाइटर जेट्स आसमान में शानदार करतब दिखाएंगे। करीब 40 मिनट तक चलने वाले इस कार्यक्रम में फॉर्मेशन फ्लाइंग, समन्वित मूवमेंट और हैरतअंगेज एयरोबेटिक स्टंट्स देखे जा सकेंगे। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर सरकार ने इस आयोजन को 'रजत जयंती राज्योत्सव' के रूप में रखा है। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह एयर शो छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की विकास यात्रा व उपलब्धियों को समर्पित प्रतीकात्मक आयोजन होगा। वायु सेना की सूर्यकिरण टीम अपने सटीक समन्वय और साहसिक हवाई करतबों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। रायपुर में इससे पहले यह टीम 2009 में बूढ़ातालाब के ऊपर एयर शो कर चुकी है।

**सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था :** नवा रायपुर प्रशासन, विमानन विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। कार्यक्रम स्थल पर भीड़ नियंत्रण, पार्किंग और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को मुख्य पार्किंग स्थल बनाया गया है। सेंध तालाब के किनारे व्यूइंग जोन, सुरक्षा बैरिकेड और एयरक्राफ्ट हैंगर तैयार किए जा रहे हैं।

**तीन नवंबर को पहुंचेगी सूर्यकिरण की टीम :** भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण टीम तीन नवंबर को रायपुर पहुंचेगी। इसके अगले दिन चार नवंबर को सेंध तालाब के ऊपर रिहर्सल शो होगा। इस मौके पर शहर के स्कूलों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि वे करीब से वायु सेना के जांबाज पायलटों के करतब देख सकें।

# पीएम मोदी ने आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के जवानों संग दिवाली मनाई



**नई दिल्ली/गोवा,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली पर देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर नौसेना कर्मियों के साथ उत्सव मनाया। उन्होंने इसे केवल युद्धपोत नहीं बल्कि 21वीं सदी के भारत की प्रतिभा, परिश्रम और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। उन्होंने भारतीय नौसेना को हिंद महासागर का 'गार्जियन' बताते हुए कहा कि भारत दुनिया के प्रमुख रक्षा निर्यातकों में शामिल होने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं के समन्वय और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि नौसेना, वायु सेना और थल सेना के कुशल समन्वय के कारण पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े। उन्होंने आईएनएस विक्रांत को भारत की सैन्य शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों की वीरता से माओवादी आतंकवाद पर नियंत्रण पाया गया है और कई जिले नक्सलवाद मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दशक में भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता तीन गुना बढ़ी और हर 40वें दिन नौसेना में नया पोत शामिल हो रहा है। आईएनएस विक्रांत देश की परिश्रम, प्रतिबद्धता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

# त्योहारों पर भीड़ के मद्देनजर पूसीरे विभिन्न मार्गों पर चला रहा 48 फेस्टिव स्पेशल ट्रेन



**गुवाहाटी,** (हि.स.)। दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को समायोजित करने के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) सितंबर से दिसंबर तक विभिन्न मार्गों पर 48 फेस्टिव स्पेशल ट्रेनों के कुल 613 फेरों का संचालन कर रहा है। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने सोमवार को बताया कि ये स्पेशल ट्रेनें कटिहार, सोनपुर, दौरम मधेपुरा, अगरतला, न्यू तिनसुकिया, एसएमवीटी बेंगलुरु, अमृतसर, पटना, डिब्रूगढ़, गोरखपुर, सिलचर, कोलकाता, गुवाहाटी, रांची, चर्लपल्ली, मुंबई सेंट्रल, आगरा कैंट, जोगबनी, शालीमार और कामाख्या जैसे महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ रही हैं। परिचालन व्यवहार्यता और मौजूदा मांग के अनुसार ये रेल सेवाएं दैनिक, साप्ताहिक, त्रिसाप्ताहिक या विशिष्ट कार्यदिवसों पर प्रदान की जा रही हैं। इन विशेष ट्रेनों के चलने से पूर्वोत्तर, उत्तर बंगाल और बिहार जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी।

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता में भारी गिरावट, एक्यूआई 300 के पार




**नई दिल्ली** (हि.स.) दिल्ली में दीपावली के दिन वायु प्रदूषण में भारी वृद्धि देखी गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार सुबह 9 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 339 और दोपहर तक 334 दर्ज किया गया। 38 निगरानी स्टेशनों में से 31 ने 'बहुत खराब' और तीन स्टेशनों— आनंद विहार (402), वजीरपुर (423) और अशोक विहार (414)— ने 'गंभीर' स्तर बताया। विशेषज्ञों ने चेताया है कि 21 और 22 अक्टूबर को AQI और अधिक खराब होकर 'गंभीर' श्रेणी में पहुँच सकता है। दिल्ली में AQI 0–50 'अच्छा', 51–100 'संतोषजनक', 101–200 'मध्यम', 201–300 'खराब', 301–400 'बहुत खराब', और 401–500 'गंभीर' माना जाता है।

# दिवाली पर खास संदेश के साथ जगमगाया बुर्ज खलीफा- रोशनी का त्योहार खुशियाँ, सद्भाव और समृद्धि लाए

**दुबई,** (हि.स.)। दुनिया की सबसे ऊँची इमारत बुर्ज खलीफा सोमवार को खास संदेश के साथ दीपावली की आकर्षक रोशनी से जगमगा उठी। अंधकार के विरुद्ध ज्ञान के प्रकाश का संदेश देने वाले इस महान त्योहार के उपलक्ष्य में दुबई के इस प्रतिष्ठित स्थल पर अंग्रेजी और हिंदी में संदेश प्रदर्शित किए गए। इसके साथ ही इसबार दुबई के दो प्रमुख दिवाली कार्यक्रमों में दुबई पुलिस बैंड की खास प्रस्तुति ने सभी को आकर्षित किया। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक 828 मीटर ऊँची दुनिया की सबसे ऊंची इमारत पर चकाचौंध भरे प्रदर्शन ने यूएई के विविध समुदाय को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अंग्रेजी में लिखा संदेश था- "रोशनी का त्योहार खुशियाँ, सद्भाव और समृद्धि लाए। आपको और आपके परिवार को दिवाली की शुभकामनाएँ।" इसके बाद इमारत पर हिंदी में भी इसी तरह का संदेश प्रदर्शित किया गया और सभी को "रोशनी के त्योहार" की शुभकामनाएँ दी गईं। इस कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए, एम्मार ने लिखा, "बुर्ज खलीफा रोशनी के त्योहार के जश्न में जगमगा रहा है। इस अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ।



दुबई पुलिस बैंड की प्रस्तुति को इस साल दुबई के दिवाली समारोह में विशेष सराहना मिली। इस बैंड ने अल सीफ़ में दुबई के 10-दिवसीय दिवाली उत्सव 'नूरः रोशनी के त्योहार' के आधिकारिक शुभारंभ और भारतीय प्रवासी समुदाय द्वारा आयोजित दीपावली उत्सव, दोनों में अपनी प्रस्तुति दी। दुबई पुलिस बैंड ने बॉलीवुड गीत "तुझे देखा तो ये जाना सनम" के शानदार प्रदर्शन से दीपावली उत्सव में शामिल लगभग 10,000 उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस उत्सव में 100 से अधिक पंजीकृत टीमों के साथ एक रंगोली प्रतियोगिता और 15 भारतीय राज्यों के प्रतिभागियों के साथ लोक नृत्य प्रतियोगिता शामिल थी।दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के संरक्षण में एफओआई इवेंट्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर महावाणिज्य दूत सतीश कुमार सिवन ने अल सीफ कार्यक्रम में दुबई के अद्वितीय समर्थन की प्रशंसा करते हुए कहाः "दुबई के अलावा दुनिया में कहीं और यह संभव नहीं है। यह उस तरह का प्रेम है, वह उस तरह की समावेशिता है जो यह नेतृत्व हमें दिखाता है।"

## बुलेटिन बॉक्स

» **यूक्रेन संघर्षः रूस और यूक्रेन के बीच सीमा पर तनाव बढ़ा, सैन्य गतिविधियाँ तेज़।**

----------------

» **अमेरिका–चीन संबंधः अमेरिकी राष्ट्रपति और चीनी नेता के बीच व्यापार और तकनीक पर तनाव।**

----------------

» **मध्य पूर्वः ईरान और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक वार्ता में प्रगति।**

----------------

» **संकटः संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि ग्लोबल वार्मिंग 1.5C को पार कर सकती है।**

----------------

# "खामेनेई का ट्रंप पर तीखा हमला : अमेरिका को बताया आतंकवादी, गाज़ा में युद्ध अपराधों का मुख्य सहयोगी"

**ईरान** (हि.स.)। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने ट्रंप को 'आतंकवादी' और 'झूठा' करार दिया और कहा कि ट्रंप अमेरिका की ओर से गाज़ा में निर्दोष लोगों पर हो रही हिंसा का प्रत्यक्ष समर्थक हैं। खामेनेई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी अधिकृत फ़िलिस्तीन यात्रा के जरिए ज़ायोनी शासन को मनोबल बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

**गाज़ा में युद्ध अपराधों में अमेरिका की भूमिका** : सुप्रीम लीडर ने दावा किया कि अमेरिका गाज़ा में बच्चों और निहत्थे नागरिकों पर हिंसा को बढ़ावा दे रहा है। उनके अनुसार अमेरिकी हथियार और संसाधन ज़ायोनी शासन को प्रदान किए गए ताकि वे गाज़ा के लोगों पर हमला कर सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि 20,000 से अधिक बच्चों और शिशुओं की मौत के बावजूद अमेरिका आतंकवाद से लड़ने का दावा करता है, जबकि असल में वह युद्ध अपराधों में सहयोगी है।





**ईरानी परमाणु और सैन्य क्षमता पर निशाना** : खामेनेई ने अमेरिका की परमाणु कार्यक्रमों और अंतरराष्ट्रीय दखलंदाज़ी पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह बताने का अधिकार नहीं है कि ईरान क्या कर सकता है और क्या नहीं। ईरान के पास परमाणु उद्योग और सैन्य क्षमता है और यह पूरी तरह स्वदेशी उपलब्धि है।

**युवा वैज्ञानिकों और मिसाइल प्रगति का उल्लेख** : सुप्रीम लीडर ने ईरानी युवाओं द्वारा विकसित मिसाइलों की उपलब्धि को भी रेखांकित किया। उनका कहना था कि इन मिसाइलों ने ज़ायोनी शासन के महत्वपूर्ण केंद्रों को निशाना बनाया और यह किसी बाहरी स्रोत से नहीं खरीदी गईं। खामेनेई ने अमेरिका को चेतावनी दी कि ईरान अपने अधिकार और सुरक्षा के प्रति संकल्पित है।

# जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं साने ताकाइची

**टोक्यो,** (हि.स.)। जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की नेता साने ताकाइची को आधिकारिक रूप से देश का प्रधानमंत्री चुन लिया गया है। मंगलवाल को ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद ताकाइची जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ताकाइची को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में दोनों देशों के रणनीतिक संबध और मजबूत होंगे। मीडिया खबरों के मुताबिक उन्होंने संसद के निचले सदन में पहले दौर के मतदान में 237 वोट हासिल कर बहुमत प्राप्त किया। जापान में संविधान के अनुसार संसद के निचले सदन की जीत अंतिम होती है और इसका ऊपरी सदन की स्थिति से कोई लेना-देना नहीं होता है। खबरों के मुताबिक ताकाइची ने देर रात एक समझौते के तहत समर्थन जुटाया और प्रधानमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। कठोर रूढ़ीवादी विचारधारा वाली ताकाइची खुद को जापान की मार्गेट थैचर कहती हैं। उनकी यह जीत जापान की राजनीति में आए भारी बदलाव के तौर पर देखी जा रही है जिसके तहत पहली बार कोई महिला इस पद के लिए चुनी गई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ताकाइची को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा, "मैं ताकाइची को उनके जापान का नया प्रधानमंत्री चुने जाने की बधाई देता हूं। मैं आशा करता हूं कि इससे दोनों देशों के संबधों में और मजबूती आएगी।"




# पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान के बीच महत्वपूर्ण समझौता - ख्वाजा

**लाहौर,** (हि.स.)।

**क़तर और तुर्किये ने समझौते की मध्यस्थता की।**

----------------

**तकनीकी विवरण अंतिम करने के लिए इस्तांबुल में अगली बैठक होगी।**

----------------

पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान ने अपनी साझा सीमा पर बढ़ते उग्रवाद के ख़तरे से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर सहमति जताई है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि उग्रवाद ने दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों को गहरे प्रभावित किया है और अब दोनों देश शांति और बेहतर संबंधों की दिशा में काम करने पर सहमत हुए हैं।



**मध्यस्थता में क़तर और तुर्किये की भूमिका** : इस समझौते की मध्यस्थता क़तर और तुर्किये ने की। ख्वाजा आसिफ ने क़तर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी, तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन और तुर्किये के दूत इब्राहिम कालिन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव और सीमा पार हाल की झड़पों के बीच हुआ है।

**तकनीकी विवरण और अगली बैठक** :समझौते के तकनीकी विवरण को अंतिम रूप देने के लिए अगले सप्ताह इस्तांबुल में एक और बैठक होगी। इस बैठक में क़तर और तुर्किये के प्रतिनिधि गारंटर के रूप में उपस्थित रहेंगे। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा कि समझौते में सभी गंभीर मुद्दों का समाधान अभी नहीं हुआ है और समय ही बताएगा कि दोनों पक्ष इसे कितनी ईमानदारी से लागू करते हैं।

**व्यापार, शरणार्थी और शांति संबंधी प्रभाव** : आसिफ ने कहा कि संबंध सामान्य होने पर अफ़ग़ानिस्तान पाकिस्तानी बंदरगाहों का उपयोग फिर से कर सकेगा और व्यापार एवं पारगमन बहाल होंगे। वैध दस्तावेज़ वाले अफ़ग़ान शरणार्थियों को रहने की अनुमति होगी, जबकि बिना दस्तावेज़ वालों को वापस भेजने की प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समझौते की सफलता इस पर निर्भर करेगी कि अफ़ग़ानिस्तान अपनी सीमा पर सशस्त्र समूहों पर प्रभावी नियंत्रण रखता है या नहीं।

# हमास के बंधक रहे नेपाली नागरिक विपिन जोशी का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**- इजराइल के राजदूत अंतिम संस्कार में शामिल हुए, इजराइली राष्ट्रपति का शोक संदेश पढ़ा गया**

**काठमांडू,** (हि.स.)। इजराइल पर हमले के दौरान हमास के हाथों बंधक बनाए जाने के बाद मारे गए 23 वर्षीय विपिन जोशी के पार्थिव शरीर का मंगलवार को महाकाली नदी के तट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सैकड़ों स्थानीय लोग अंतिम सम्मान देने के लिए इकट्ठा हुए। अंतिम संस्कार से पहले सशस्त्र पुलिस बल के एक दल ने औपचारिक सलामी दी और कंचनपुर के मुख्य जिला अधिकारी लक्ष्मण धाकल ने सम्मान के प्रतीक के रूप में ताबूत पर राष्ट्रीय ध्वज लपेटा। जोशी के पिता महानंद जोशी और उनके चचेरे भाई किशोर



जोशी ने अंतिम संस्कार में मुखाग्नि दी। नेपाल में इजराइल के राजदूत शमुलिक एरी बास, दो अन्य इजराइली प्रतिनिधियों के साथ नदी के किनारे अंतिम संस्कार में शामिल हुए। सम्मान के संकेत के रूप में इजराइली ध्वज भी जोशी के शरीर पर रखा गया और इजराइली राष्ट्रपति का एक शोक संदेश पढ़ा गया। सुदुरपाशिम विश्वविद्यालय के छात्र विपिन जोशी 'अर्न एंड लर्न' कार्यक्रम के तहत इज़राइल गए थे। वह सेडोट नेगेव क्षेत्र में काम करने वाले 49 नेपाली छात्रों में से एक थे, जब हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 को हमला किया था। प्रारंभिक हमले में दस नेपाली मारे गए थे। जोशी उन लोगों में से थे, जिन्हें बंदी बना लिया गया था। लगभग दो वर्षों के बाद इजराइली अधिकारियों ने हमास के साथ संघर्ष विराम के बाद बंधक समझौते के दौरान जोशी की मौत की पुष्टि की। बाद में उनका शव इज़राइल को सौंप दिया गया। सोमवार को उनके पार्थिव शरीर को काठमांडू के त्रिभुवन अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया, जहां प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने श्रद्धांजलि दी। नेपाल सेना के हेलीकॉप्टर से विपिन जोशी के शव को उनके गृहनगर ले जाया, जहां आज पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।



# ऋषभ पंत की वापसी, दक्षिण अफ्रीका 'ए' सीरीज में संभालेंगे कप्तानी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट से उबरने के बाद एक बार फिर मैदान पर लौट रहे हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ होने वाली दो चार दिवसीय मैचों की शृंखला के लिए भारत 'ए' टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यह मुकाबले 30 अक्टूबर से 9 नवंबर तक बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे।

पंत जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान पैर की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण टीम से बाहर हो गए थे। अब उनके पूरी तरह फिट होने के बाद यह सीरीज उनकी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का प्रतीक होगी। माना जा रहा है कि इस प्रदर्शन के बाद वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में भारत की सीनियर टीम में भी वापसी करेंगे।

बीसीसीआई ने दोनों मैचों के लिए अलग-अलग टीमें घोषित की हैं। साई सुदर्शन को दोनों मैचों के लिए उप-कप्तान बनाया गया है।

पहला चार दिवसीय मैच (30 अक्टूबर – 2 नवंबर)

पहले मैच की टीम में घरेलू क्रिकेट का रंग देखने को मिलेगा क्योंकि यह मुकाबला ऑस्ट्रेलिया दौरे से टकरा रहा है। 18 वर्षीय आयुष म्हात्रे को पहली बार मौका मिला है, वहीं रजत पाटीदार और आयुष बडोनी भी टीम में शामिल हैं।

टीम में बल्लेबाजों के रूप में देवदत्त पडिक्कल, सुदर्शन, और एन. जगदीशन मौजूद रहेंगे।

ऑलराउंडर विभाग में हर्ष दुबे, तनुश कोटियन, और मनव सूथार शामिल हैं, जबकि गेंदबाजी की कमान यश ठाकुर, अंशुल कम्बोज, और सरांश जैन संभालेंगे।

**पहले मैच की टीम:** ऋषभ पंत (कप्तान/विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, एन. जगदीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार, हर्ष दुबे, तनुश कोटियन, मनव सूथार, अंशुल कम्बोज, यश ठाकुर, आयुष बडोनी, सरांश जैन।

दूसरा चार दिवसीय मैच (6 – 9 नवंबर)

दूसरे मुकाबले के लिए टीम में कई टेस्ट नियमित खिलाड़ी जोड़े गए हैं। केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, अभिमन्यु ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज टीम में शामिल किए गए हैं। इसके अलावा आकाश दीप, खलील अहमद और गुर्नूर बराड़ को भी जगह मिली है। पहले मैच की टीम से म्हात्रे, पाटीदार, कम्बोज, ठाकुर, बडोनी और सरांश को बाहर किया गया है।

**दूसरे मैच की टीम:** ऋषभ पंत (कप्तान/विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रुतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुश कोटियन, मनव सूथार, खलील अहमद, गुर्नूर बराड़, अभिमन्यु ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टेस्ट सीरीज 14 नवंबर से कोलकाता में शुरू होगी।

# अमेरिका, मेक्सिको, कोस्टा रिका और जमैका ने 2031 महिला विश्व कप की संयुक्त मेजबानी के लिए दावेदारी पेश की

**मेक्सिको सिटी,** (हि.स.)। अमेरिका, मेक्सिको, कोस्टा रिका और जमैका के फुटबॉल संघों ने सोमवार को 2031 महिला फुटबॉल विश्व कप की संयुक्त मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा की। यह टूर्नामेंट पहली बार 48 टीमों के साथ खेला जाएगा।

फीफा ने मई में महिला विश्व कप को 32 से बढ़ाकर 48 टीमों तक विस्तार देने को मंजूरी दी थी। नए प्रारूप में 12 समूह होंगे और कुल मैचों की संख्या 64 से बढ़कर 104 हो जाएगी — जो 2026 पुरुष विश्व कप के बराबर होगी।



संघों ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि उनका प्रस्ताव "इतिहास का सबसे प्रभावशाली टूर्नामेंट" आयोजित करने का लक्ष्य रखता है, जो उत्तरी अमेरिका, मध्य अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र में महिला फुटबॉल के लिए स्थायी विरासत छोड़ेगा।

अमेरिकी फुटबॉल संघ की अध्यक्ष सिंडी पार्लो कोन ने कहा, "हम अपने कॉनकाकाफ साझेदारों — मेक्सिको, कोस्टा रिका और जमैका — के साथ 2031 महिला विश्व कप की बोली का नेतृत्व करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि यह टूर्नामेंट महिला फुटबॉल के लिए एक नई वैश्विक पहचान बनाए और 2031 से आगे तक सकारात्मक प्रभाव छोड़े।"

मेक्सिकन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मिकेल एर्रियोला ने कहा कि यह संयुक्त प्रस्ताव फीफा और कॉनकाकाफ का इन मेजबान देशों पर भरोसा दर्शाता है। उन्होंने कहा, "2031 महिला विश्व कप हमारे क्षेत्र में खेल के विकास को मजबूत करने और मेक्सिको में खिलाड़ियों व प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करने का ऐतिहासिक अवसर होगा।,"

संघों ने बताया कि आधिकारिक बोली दस्तावेज (बिड बुक) नवंबर में फीफा को सौंपा जाएगा, जबकि अंतिम निर्णय 30 अप्रैल 2026 को वैंकूवर में होने वाले फीफा कांग्रेस में लिया जाएगा।

अगर यह प्रस्ताव सफल रहता है, तो यह पहला महिला विश्व कप होगा जो चार देशों में आयोजित किया जाएगा, साथ ही जमैका और कोस्टा रिका पहली बार विश्व कप मैचों की मेजबानी करेंगे।

अमेरिका, जो अगले वर्ष पुरुष विश्व कप की मेजबानी मेक्सिको और कनाडा के साथ करेगा, इससे पहले 1999 और 2003 में महिला विश्व कप की मेजबानी कर चुका है। वहीं, मेक्सिको पहली बार महिला विश्व कप की मेजबानी करेगा।

# शाहीन अफरीदी बने पाकिस्तान के नए वनडे कप्तान, रिज़वान की छुट्टी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मोहम्मद रिज़वान को वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया और तेज़ गेंदबाज़ शाहीन शाह अफरीदी को नया कप्तान नियुक्त किया है। यह फैसला रावलपिंडी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के पहले दिन के बाद लिया गया। इस मैच में दोनों खिलाड़ी खेल रहे थे।




पीसीबी ने रिज़वान के हटाए जाने की कोई आधिकारिक वजह नहीं बताई। केवल यह कहा गया कि चयन समिति और टीम के व्हाइट-बॉल कोच माइक हेसन की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, यह कदम सिर्फ कोच की सिफारिश पर नहीं बल्कि बोर्ड के उच्च स्तर पर व्यापक समर्थन के साथ लिया गया है।

शाहीन अफरीदी इससे पहले जनवरी 2024 में टी20 टीम के कप्तान रह चुके हैं, लेकिन पाकिस्तान की हार के बाद उन्हें हटाया गया। रिज़वान के नेतृत्व में पाकिस्तान ने पिछली साल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में सीरीज़ जीती थी, लेकिन इस साल टीम का प्रदर्शन कमजोर रहा। रिज़वान का व्यक्तिगत प्रदर्शन संतोषजनक है और वे औसतन 42 के करीब रन बना रहे हैं।

शाहीन अफरीदी शानदार फॉर्म में हैं और 2023 में पाकिस्तान के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ रहे। उनके नेतृत्व में पाकिस्तान की अगली तीन मैचों की वनडे सीरीज़ अगले महीने फैसलाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होगी।

# लेवरकुसेन के खिलाफ मैच के लिए उस्मान डेम्बेले की पीएसजी में वापसी

**पेरिस,** (हि.स.)। बैलन डी'ऑर विजेता उस्मान डेम्बेले छह हफ्ते की चोट से उबरने के बाद पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की टीम में वापसी कर चुके हैं। 28 वर्षीय फ्रांसीसी फॉरवर्ड मंगलवार को बायर लेवरकुसेन के खिलाफ चैंपियंस लीग मैच में खेल सकते हैं।




डेम्बेले को सितंबर की शुरुआत में फ्रांस के लिए खेलते हुए हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी। कतर के विशेष क्लिनिक में इलाज के बाद वह पिछले हफ्ते प्रशिक्षण पर लौटे। स्ट्रासबर्ग के खिलाफ 3-3 ड्रॉ में वह शामिल नहीं थे, लेकिन जर्मनी में कुछ मिनट खेलने की संभावना है।

लेवरकुसेन के सेंटर-बैक और फ्रांस टीम के साथी लोइक बाडे ने कहा, "डेम्बेले रोकना आसान नहीं है। उन्हें रोकने के लिए टीम के रूप में सामूहिक रक्षा करनी होगी।"

पीएसजी को स्ट्रासबर्ग मैच में अन्य फॉरवर्ड्स की वापसी मिली है, जबकि मिडफील्डर फेबियन रुइज़ और जोआओ नेव्स चोट के कारण बाहर हैं। कप्तान मारक्विनहोस टीम के साथ जर्मनी रवाना हुए हैं।

लेवरकुसेन ने इस सीजन की शुरुआत में दो मैच ड्रॉ खेले हैं और पीएसजी के खिलाफ तीसरी जीत की तलाश में है।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स ने की फील्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2025 के लिए नामित खिलाड़ियों की घोषणा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। विश्व एथलेटिक्स अवॉर्ड्स 2025 के लिए वोटिंग प्रक्रिया जारी है। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने महिलाओं और पुरुषों के "फील्ड एथलीट ऑफ द ईयर" के लिए पांच-पांच खिलाड़ियों की नामांकन सूची जारी की है। वोटिंग के बाद प्रत्येक श्रेणी से दो-दो फाइनलिस्ट चुने जाएंगे।



महिला फील्ड एथलीट में वलेरी ऑलमैन (यूएसए), तारा डेविस-वुडल (यूएसए), अन्ना हॉल (यूएसए), निकोला ऑलिसलेगर्स (ऑस्ट्रेलिया) और कैम्रिन रॉजर्स (कनाडा) शामिल हैं। पुरुष फील्ड एथलीट में मोंडो डुप्लांटिस (स्वीडन), मत्तिया फुरलानी (इटली), ईथन कैट्ज़बर्ग (कनाडा), हेमिश केर (न्यूजीलैंड) और पेड्रो पिचार्डो (पुर्तगाल) नामांकित हैं।

नामांकन 2025 में टोक्यो वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित उत्कृष्ट प्रदर्शनों के आधार पर किया गया है। वोटिंग वर्ल्ड एथलेटिक्स के फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स प्लेटफॉर्म पर चल रही है और 26 अक्टूबर तक जारी रहेगी। विजेताओं की घोषणा 30 नवंबर को अवॉर्ड्स समारोह में होगी। ट्रैक और आउट ऑफ स्टेडियम श्रेणियों के नामांकन भी क्रमशः 13 और 27 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।